वर्ष-31, अंक- 236, पृष्ठ-16 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
13 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




### एयर इंडिया क्रैश में ए-11 सीट का एक यात्री जिंदा निकला

**अहमदाबाद** । अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 बुधवार को टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद क्रैश हो गई, जिससे पूरे देश में मातम छा गया। अब तक हादसे को लेकर एक के बाद एक दर्दनाक खबरें सामने आती रही थीं, लेकिन अब सीट नंबर 11ए से मिली एक राहत की खबर ने उम्मीद की हल्की सी किरण जगाई है। वहां से एक यात्री को जिंदा निकाला गया है। इस यात्री को गंभीर चोटें आई हैं और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## यह समय आलोचना का नहीं, उपलब्धियों को समझने का है : अर्जुन मुंडा

राणा अरुण सिंह




- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया ऐतिहासिक, राज्य सरकार पर टिप्पणी से बचे

**मेदिनीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को मेदिनीनगर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" के क्षेत्र में हुई प्रगति को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और यह विकसित भारत के अमृत काल का प्रमाण है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं आम जनता के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में सफल रही हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं की एक-एक करके चर्चा करते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, महिलाएं और युवा—सभी को सशक्त किया गया है।

जब पत्रकारों ने उनसे झारखंड और पलामू में बिजली-पानी की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा की ओर से किसी आंदोलनात्मक रुख की संभावना के बारे में पूछा, तो वे कुछ क्षण मौन रहे। फिर गंभीर स्वर में उन्होंने कहा कि यह तो यहां के लोगों को सोचना चाहिए। राज्य सरकार का अपना दायित्व होता है और केंद्र सरकार का अपना। यहाँ जो सरकार है, उसके कार्यकलापों को आप स्वयं देखें और परखें, क्योंकि आपने इस सरकार को चुना है। फिलहाल मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। इसी तरह, जब जे-टेट परीक्षा में पलामू की क्षेत्रीय भाषाओं को बदलकर 'कुड़ुख' और 'नागपुरी' कर दिए जाने के निर्णय को लेकर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री मुंडा ने स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की नीति का विषय है। इसे यहां की जनता देखे और परखे। इस पर फिलहाल शेष पेज 15 पर...

# 242 यात्रियों सहित लंदन के लिए उड़ान भरते ही विमान अहमदाबाद में क्रैश

-ब्यूरो

**अहमदाबाद / नई दिल्ली।** अहमदाबाद हवाई अड्डे से एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हवाई जहाज लंदन के लिए उड़ान भरते ही एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास, एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ, जो एयरपोर्ट कैंपस से सटा हुआ है। फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी और 1.40 बजे हादसा हो गया। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, 2 पायलट, 10 केबिन क्रू सहित 242 लोग सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली व एक कनाडाई नागरिक थे। हादसे के समय प्लेन 625 फीट की ऊंचाई पर था। यह हादसा अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके में हुआ है। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपनी बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे। रूपाणी की सीट नंबर 12 थी। विमान के कैप्टन सुमित सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सब्बरवाल एक लाइन ट्रेनिंग कैप्टन थे (जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं),और उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर रहते हैं, 15 डॉक्टर घायल हो गए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि हादसे से पहले ही शेष पेज 15 पर...



- फ्लाइट नंबर एआई-171 दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी,1.40 बजे हादसा हो गया
- विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, 2 पायलट, 10 केबिन क्रू सहित 242 लोग सवार थे
- इनमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली व एक कनाडाई नागरिक थे
- हादसे से पहले ही पायलट ने करीबी एटीसी को मेडे कॉल दिया था और कुछ सेकेंड बाद ही विमान एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया
- मेडे कॉल का अर्थ होता है कि तुरंत मदद की जरूरत है, इस कॉल के तहत रेडियो पर तीन बार बोला जाता है- मेडे, मेडे, मेडे

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं : द्रौपदी मुर्मू



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद राष्ट्रपति ने अपनी संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

### अहमदाबाद में हुई त्रासदी से हम स्तब्ध और दुखी हैं : पीएम



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी से हम स्तब्ध और दुखी हैं। यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

### मारे गए लोगों के परिवार को 1 करोड़ रुपए सहायता राशि देगी टाटा

**नई दिल्ली** । टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी टाटा ग्रुप उठाएगा, जिससे प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिल सके। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक संवेदनशील और मानवीय कदम उठाते हुए बयान जारी किया है। उन्होंने कहा "एयर इंडिया फ्लाइट 171 की दुर्घटना से हम गहरे दुख में हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।
**टाटा ग्रुप की मदद में प्रमुख घोषणाएं :** प्रत्येक मृतक के परिजन को 1 करोड़ की सहायता राशि। घायलों के इलाज का पूरा खर्च टाटा समूह द्वारा वहन किया जाएगा। बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के पुनर्निर्माण में सहयोग।

### विमान हादसा पर हेमंत सोरेन ने जताया शोक



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसा पर शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने 'एक्स' पर लिखा है कि अहमदाबाद में हवाई जहाज की विभत्स दुर्घटना से पूरा देश व्यथित है, स्तब्ध है। आज इस दुर्घटना में हमने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कई लोगों को खो दिया। देश के लिए यह विपदा अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### प्लेन हादसे में पूर्व सीएम विजय रुपाणी का निधन



**अहमदाबाद।** गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री रहे विजय रुपाणी उन 200 से ज़्यादा लोगों में शामिल हैं, जिनकी मौत एयर इंडिया के विमान हादसे में हुई है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। यह हादसा उस समय हुआ, जब विमान संख्या एआई-171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही मेघानीनगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने विजय रुपाणी के निधन की पुष्टि की है। रुपाणी अपनी बेटी के घर लंदन जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, विजय रुपाणी की पत्नी अंजलि रुपाणी पिछले कई दिनों से लंदन में ही थीं और अब वह भी बेटी से मिलने के लिए पास जा रहे थे।

### प्रेम-प्रसंग से जुड़ी हिंसा में युवती घायल रेस्क्यू पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों का हमला



- मंगरदह गांव में गंभीर तनाव, नौ नामजद सहित दर्जनों अज्ञात पर मामला दर्ज, पुलिस बल ने भागकर बचाई जान

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के मंगरदह गांव में गुरुवार की सुबह प्रेम-प्रसंग से जुड़ा एक विवाद उस समय हिंसक हो गया जब एक युवती के साथ मारपीट के बाद रेस्क्यू के लिए पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में अवर निरीक्षक संजय पासवान और वाहन चालक कांशी प्रजापति घायल हो गए।

घटना की शुरुआत उस वक्त हुई जब ओडिशा की रहने वाली युवती जमुना विभार, जो पिछले डेढ़ साल से मंगरदह निवासी दीपू कुमार रवि के साथ रह रही थी, उस पर दीपू की कथित दूसरी पत्नी चंदा देवी और उनके परिजनों ने हमला कर दिया। युवती का आरोप है कि दीपू ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए और गर्भवती होने के बाद उसका गर्भपात करवा दिया। इसके बाद शादी से इनकार कर दिया। विरोध स्वरूप मार्च 2024 में वह दीपू के घर आकर रहने लगी थी।

गुरुवार को चंदा देवी जब अपने परिजनों के साथ वहां पहुंची तो दोनों महिलाओं में विवाद हो गया। युवती ने दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन उसे जबरन बाहर निकाला गया और मोबाइल छीन लिया गया। बाद में मारपीट कर बेहोशी की हालत में बाहर फेंक दिया गया।

सूचना पाकर जब थाना प्रभारी संजय पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवती को अस्पताल भेजने की कोशिश की, तभी ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया। लाठी, डंडों और मुक्कों से किए गए इस हमले में पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए।

पुलिस किसी तरह जान बचाकर भागी और वरीय अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद अतिरिक्त बल भेजकर स्थिति पर काबू पाया गया। घायल युवती को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने इस मामले में मंगरदह गांव के अंकित सिंह, कृष्णा ठाकुर, ब्रजेश कुमार, अखिलेश सिंह, प्रवीण सिंह, डब्लू सिंह, कमला सिंह, रोहित ठाकुर और रोहित सिंह सहित नौ नामजद और कई अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा और गंभीर मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि घटना को लेकर दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पूछताछ के लिए आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

## चतरा में ब्राउन शुगर की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, महिला गिरफ्तार

- 8 करोड़ की ब्राउन शुगर सहित 23.60 लाख नकद बरामद, एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- फोटो: गिरफ्तार महिला और जब्त सामग्री की जानकारी देते एसपी सुति कुमार अग्रवाल



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारटोली में छिपकर चल रही ब्राउन शुगर निर्माण की अवैध मिनी फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक सुति कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें भारी मात्रा में नशीले पदार्थ, उपकरण और नकद राशि जब्त की गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई को अब तक की सबसे बड़ी सफलता करार दिया है। पुलिस की विशेष टीम द्वारा छापेमारी के दौरान 3.821 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 2.784 किलोग्राम अफीम, [illegible]0.19 किलोग्राम सफेद पाउडर, चार बोतल एसीटिल क्लोराइड, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, रबर बंडल, दो मोबाइल फोन और 23,60,700 की नकद राशि बरामद की गई। जब्त ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेष पेज 15 पर...

## लोहरदगा मार्केट से हार्डकोर नक्सली संदीप भगत गिरफ्तार

- गुप्त सूचना पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, इलाके में नक्सल विरोधी अभियान तेज



**लोहरदगा।** गुरुवार को लोहरदगा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के हार्डकोर नक्सली संदीप भगत को लोहरदगा मार्केट स्थित वी-मार्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी और 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के कमांडेंट के निर्देशन में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ किस्को वेदान्त शंकर (भा.पु.से.), एसएसबी कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे, और किस्को थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुमन मिंज के नेतृत्व में लोहरदगा मार्केट और उसके आसपास के इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। शेष पेज 15 पर...

## इंडिया रखरखाव में लापरवाही,सुरक्षा या संरक्षा में चूक या हुई विदेशी तोड़फोड़



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर जो प्लेन क्रैश हुआ उसे अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी।डीजीसीए ने जांच शुरू कर दी है पर कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि विमान के उड़ान भरते समय पक्षी से टकराने के कारण यह हादसा होने की आशंका है जिससे विमान अपनी पूरी रफ्तार नहीं पकड़ पाया और 2 मिनट के अंदर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूर्व वरिष्ठ पायलट कैप्टन सौरभ भटनागर के अनुसार 'पहली नजर में यह कई पक्षियों के टकराने का मामला लगता है जिससे दोनों इंजन ने शक्ति खो दी और विमान ने लिफ्ट करना बंद कर दिया सटीक कारण पता जांच से चलेगा।' एक विशेषज्ञ संजय लाजर ने कहा विमान अपेक्षाकृत नया था, केवल 11 साल पुराना, इसलिए तकनीकी खराबी की संभावना कम है।, 'यह हवाई अड्डे के बाहर का रिहायशी इलाका है। संभवत:, उस क्षेत्र में पक्षी थे।इस दुखद घटना से सिख लेने की आवश्यकता भी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की व्यापक जांच भी जरुरी है क्योंकि 61 विदेशी यात्रियों पूर्व सीएम विजय रुपानी सहित सभी 204 मृत और अन्य यात्रियों के परिजन को ही नहीं पूरे देश को इसका जवाब चाहिए कि चूक किससे हुई ? बहुत अधिक उड़ानों के साथ प्राय: सभी विमान कंपनियां लागत कम करने के लिए रखरखाव में कमी करती है ऐसे आरोप पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद लगे थे । इसके अलावा अहमदाबाद जैसे महत्वपूर्ण हवाई अड्डे में यदि पक्षी टकराए तो क्यों वो भी कई तो यह सामान्य बात नहीं और देश के अन्य हवाई अड्डों में दुबारा नहीं होगा इसके लिए क्या उपाय होंगे ? क्या सुरक्षा की कमी हुई या संरक्षा में अनदेखी हुई या किसी विदेशी शक्ति ने तोड़फोड़ कराई ? इन सवालों के जवाब जरुर ढूंढने चाहिए अन्यथा भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर असर पड़ सकता है। ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि हवाई सफ़र अंतरराष्ट्रीय विकास से जुड़ा है और यदि भारत को लापरवाह या असुरक्षित देश मान लिया जाए तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का इसका सपना अधूरा रह जाएगा जो अनेक देशों की दिली इच्छा है और वे पहलगाम के हमले की तरह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस संदेह का बड़ा कारण यह है कि एक साथ दोनों इंजन फेल हो गए और वह भी टेकऑफ़ के चंद मिनटों के बाद तो हर उड़ान खास तौर पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान के पूर्व अनिवार्य सुरक्षा और संरक्षा की जांच क्या नहीं की गई या लापरवाही बरती गई ? एक्सपर्ट यह भी कह रहे हैं कि एकसाथ दोनों इंजन का फेल होना सामान्य घटना नहीं है । कुछ प्रमुख दुर्घटनाओं और कारणों से इसे समझते हैं - भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ जब हरियाणा के चर्खी दादरी के पास दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए और दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे।




यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी।1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। 22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था पर रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची और 158 लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे। 26 अप्रैल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी रनवे पर एक ट्रक से टक्कर के बाद विमान में आग लग गई और 55 लोगों की जान चली गई ।किरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया 21 यात्रियों की मौत हुई थी । विदेशों की बात करें तो स्पेन में 27 मार्च 1977 को ट्रैफिक बढ़ गया और अव्यवस्था जल्दबाजी और मिसकम्युनिकेशन की वजह से दोनों बोइंग 747 विमान एक ही रनवे पर आ गए और टकरा गए और 586 लोगों की मौत हुई, जो अब तक का दुनिया का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।12 अगस्त 1985 को जापान एयरलाइंस का बोइंग 123 विमान उड़ान के थोड़ी देर बाद पहाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया जिसका प्रेशर सिस्टम फेल हो गया था ।520 लोगों की जान गई, और यह अब तक का सबसे बड़ा सिंगल-प्लेन क्रैश माना जाता है।

## 204 लोगों की मौत की पुष्टि, मृतकों के रिश्तेदारों का लिया जाएगा डीएनए सैंपल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश होने के बाद अब तक 204 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अब तक 204 शव बरामद हो चुके हैं, जबकि 41 घायल लोग अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। हादसे के वक्त विमान में कुल 242 लोग सवार थे।

### शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की व्यवस्था

इस बड़े हादसे के बाद मारे गए लोगों की पहचान करना मुश्किल हो गया है, इसलिए अब अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में मृतकों के परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया बी.जे. मेडिकल कॉलेज के कसोटी भवन (परीक्षण केंद्र) में हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि जिनके परिजन इस हादसे में लापता हैं, वे माता-पिता, बच्चे या नजदीकी रिश्तेदार होकर डीएनए सैंपल दे सकते हैं। इससे जल्द से जल्द शवों की पहचान की जा सकेगी। प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों से सहयोग करने की अपील की है।

### घायलों का इलाज जारी, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

वहीं हादसे में घायल हुए 50 लोगों का इलाज अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है। अस्पताल प्रशासन ने यात्रियों के परिजनों की मदद के लिए दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिन पर कॉल करके मरीजों की स्थिति की जानकारी ली जा सकती है।

## नौडीहा बाजार पुलिस ने हत्या कांड के फरार अभियुक्त को दबोचा

**जनवरी में हुई युवती की हत्या, लंबे समय से था फरार**

**नवीन मेल संवाददाता**
**नौडीहा बाजार।** थाना वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार रात को समकालीन अभियान के तहत नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कांड संख्या-03/24, धारा 302 भादवि के फरार अभियुक्त सुबोध भूइयां उर्फ सिबोध कुमार, पिता- स्व. नन्दु भूइयां, ग्राम खडार, टोला रामसदीया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियुक्त पर जनवरी 2024 में खडार गांव में युवती की हत्या का आरोप है। मामले में



अन्य अभियुक्त पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# सोन नदी में नहाने गए चार किशोर, दो डूबे - एक का शव बरामद, दूसरा गंभीर हालत में रेफर

**गर्मी की छुट्टियों में नदी स्नान बना जानलेवा, स्थानीय प्रशासन की तत्परता से बची एक जान**

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के लंबी गली मोहल्ला के चार किशोरों के सोन नदी में नहाने जाने की मस्ती उस समय मातम में बदल गई जब दो किशोर नदी की गहराई में डूब गए। घटना गुरुवार सुबह की है, जब ये चारों किशोर देवरी कला गांव के समीप सोन नदी में स्नान के लिए लगभग तीन किलोमीटर दूर पहुंचे थे। नहाने के क्रम में चार में से दो किशोर झ साकिब अंसारी (16 वर्ष), पिता झ आबिद अंसारी, और मोनू हुसैन (16 वर्ष), पिता झ मुन्ना हुसैन झ नदी की गहराई में डूब गए। जैसे ही साथ गए अन्य किशोरों ने घटना की



जानकारी दी, क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार और देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। घंटों मशक्कत के बाद एक किशोर साकिब अंसारी का शव नदी से बरामद किया गया। वहीं गंभीर अवस्था में डूबे मोनू हुसैन को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद लाया गया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद एमएमएचसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। अस्पताल में भर्ती किशोर की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। प्रशासन की तत्परता से एक किशोर की जान बच पाई, लेकिन साकिब की मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबी गली मोहल्ले के बच्चे अक्सर गर्मी के मौसम में सोन नदी में नहाने जाया करते थे। परिजनों ने बताया कि बच्चे घर से यह कहकर निकले थे कि वे नहाने जा रहे हैं, पर किसी को अंदेशा नहीं था कि यह सफर जानलेवा बन जाएगा। घटना के बाद से लंबी गली मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। साकिब के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी परिजनों को ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि नदी क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बहरहाल, इस दुखद घटना ने एक बार फिर यह सोचने को विवश कर दिया है कि छुट्टियों में बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखना कितना आवश्यक है।

## करमा कला के लोगों को बिजली संकट से राहत की मांग



**छतरपुर।** करमा कला गांव के लोगों ने बिजली विभाग पर सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके इलाके में बिजली लगभग नहीं के बराबर है, जबकि हाईवे पार बसे क्षेत्रों में नियमित आपूर्ति हो रही है। वर्षों से शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## बिजली चोरी के खिलाफ मोहम्मदगंज में छापेमारी, छह पर केस दर्ज, 52 हजार का जुर्माना



**जपला विद्युत अवर प्रमंडल की कार्रवाई, बिजली चोरी रोकने को लेकर सख्ती शुरू**

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में मोहम्मदगंज और भजनियां क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान छह लोगों-ललन राम, कामेश्वर राम, राजेन्द्र राम, अतुल कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार चौरसिया और प्रमोद कुमार - को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। इन सभी पर स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है और कुल 52,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस अभियान में मानव दिवस कर्मी ललितेश्वर मेहता, रंजय मेहता, मंटू मुंडा और रविशंकर सिंह भी शामिल रहे।

### हैदरनगर में बार-बार शटडाउन से बिजली आपूर्ति बाधित, भीषण गर्मी में बेहाल उपभोक्ता

**हैदरनगर।** चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन से मामूली तकनीकी खराबी पर भी बार-बार शटडाउन लिया जा रहा है, जिससे एक सप्ताह में दर्जनों बार बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। 7 जून को चौक बाजार के 200 केवीए ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद 12 घंटे तक पूरा बाजार अंधेरे में डूबा रहा। सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने संसाधन की कमी जताकर हाथ खड़े कर दिए, जिससे नाराज उपभोक्ताओं ने जनसहयोग से जरूरी सामग्री जुटाकर ट्रांसफारमर मरम्मत करवाई। 10 जून को जवाहर पथ में सेटअप बॉक्स और कवर्ड केबल में आग लगने से कई घंटों तक चिंगारी उड़ती रही। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वर्षो से गार्ड वायर नहीं लगाई गई है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। गुरुवार को भी तार बदलने के नाम पर सुबह 9 बजे से चार घंटे बिजली बंद रही, जिससे पानी की भारी किल्लत हो गई। स्थानीय उपभोक्ताओं ने विधायक संजय कुमार सिंह यादव को भी इसकी जानकारी दी, जिस पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने का भरोसा दिलाया है।

## नये थाना प्रभारी से क्षेत्रवासियों को मिली सुरक्षा की आशा



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी उत्तर कुमार राय का स्थानीय कांग्रेस युवा प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात में स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस युवा अध्यक्ष कुंदन शुक्ला, दीपेन्द्र मिश्रा, जनार्दन कुमार समेत अन्य ने थाना प्रभारी से क्षेत्र में अमन चैन और गरीबों की सुनवाई की अपेक्षा जताई।

## अपराधियों ने खड़ी कार में लगाई आग, वाहन खाक

**थाने से महज 300 मीटर दूर की घटना, पुलिस जांच में जुटी**

**नवीन मेल संवाददाता**
**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज बाजार क्षेत्र में बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। घटना लेस्लीगंज थाना से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर हुई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात अचानक आग की लपटें दिखीं, जिसके बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दीपक कुमार (पिता- संजय कुमार) की कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची लेस्लीगंज पुलिस



ने मौके का मुआयना किया और कार मालिक के बयान के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

## गरीब रथ के ठहराव को लेकर लोगों में बढ़ा आक्रोश




**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है। सांसद विष्णुदयाल राम ने भी फरवरी 2024 में धनबाद में रेलवे सलाहकार बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा था, बावजूद इसके अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ। यह स्टेशन कई प्रखंडों और बिहार सीमा से सटे गांवों का रेलहेड है। ठहराव से दिल्ली, प्रयागराज, कानपुर जैसे शहरों तक पहुँच आसान हो जाएगी। यात्रियों ने चेतावनी दी है कि ठहराव नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा।

## लेस्लीगंज बाजार से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन सख्त

**19 जून तक खुद से अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम, वर्ना प्रशासन करेगा कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**
**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के लेस्लीगंज बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर 19 जून 2025 तक खुद से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा तक यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो अंचल कार्यालय द्वारा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया जाएगा, और इस प्रक्रिया में होने




वाले सभी खर्चों की वसूली संबंधित अतिक्रमणकारियों से की जाएगी। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि मामला अतिक्रमण वाद संख्या 01/2024-25 से जुड़ा है, जिसमें लेस्लीगंज बाजार के कई लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की बात सामने आई है।

## नवपदस्थापित थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने संभाला पदभार

**मोहम्मदगंज।** नवपदस्थापित थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बुधवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कार्यभार सौंपा। पदभार संभालने के बाद श्री सोरेन ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखना और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## खैरात गांव में रास्ते को लेकर उपजा विवाद सुलझा

**नवीन मेल संवाददाता**
**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के खैरात गांव में रास्ते को लेकर चल रहे विवाद को गुरुवार को अंचल कार्यालय में सुलझा लिया गया। बैठक में अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुखिया गीता देवी और विधायक प्रतिनिधि



सुनील कुशवाहा की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनी। बताया गया कि बसंत शुक्ला द्वारा रास्ते पर दीवार खड़ी कर दी गई थी, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। शुक्ला का कहना था कि वह जमीन उनकी निजी संपत्ति है, जो खाता संख्या 13, प्लॉट संख्या 107 के अंतर्गत है। वहीं, ग्रामीणों का दावा था कि यह वर्षों से आम रास्ता रहा है और पूर्वजों ने भी इसे सार्वजनिक मार्ग के रूप में छोड़ा था। काफी समझाने-बुझाने के बाद बसंत शुक्ला दीवार हटाने को तैयार हो गए, जिससे गांव में शांति का माहौल बना रहा।

## दुष्कर्म के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



इस मामले में थाना कांड संख्या बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। बुधवार को एएसआई बंधनी लकड़ा के नेतृत्व में सतबरवा पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त आदेश के आलोक में आरोपी के घर पर विधिवत रूप से इश्तेहार चिपकाया।

**नवीन मेल संवाददाता**
**सतबरवा।** थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के संबंध में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने जानकारी दी कि पीड़िता ने 16 अप्रैल को थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि राजू ठाकुर, निवासी हेहेगड़ा, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार, ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी ने बताया कि यदि आरोपी शीघ्र ही न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है, तो भारतीय दंड संहिता की अगली धाराओं के अंतर्गत उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाल संसदीय चुनाव संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, एकडरी में गुरुवार को बाल संसद चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक मो. असलम, अध्यक्ष अनिता देवी, संयोजिका ललिता देवी एवं प्रभारी शिक्षकों के सहयोग से चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव में अली जुल्फेकार प्रधानमंत्री, सानिया कुमारी उप प्रधानमंत्री, आयुष पाल शिक्षा मंत्री, अनु कुमारी उप शिक्षा मंत्री, अनोज कुमार खाद्य मंत्री, नितिश कुमार उप खाद्य मंत्री, आरुषी कुमारी खेल मंत्री, मयंक शर्मा उप खेल मंत्री चुने गए। सफाई, स्वास्थ्य, सूचना, बागवानी और अनुशासन विभाग के लिए भी मंत्रियों व उपमंत्रियों का चयन किया गया। सभी नवचयनित सदस्यों को प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने शपथ दिलाई। पूनम, लक्ष्मी, उपेंद्र आदि ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# गुम हो रही नदियों की पहचान पुल-पुलिया ही बन गए गवाह

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** पलामू के मोहम्मदगंज क्षेत्र में कई नदियां और नाले अब इतिहास बनते जा रहे हैं। रेलवे और मुख्य सड़कों पर बने पुल-पुलिया आज भी उन जलधाराओं के साक्षी हैं, जो कभी पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा हुआ करती थीं। आज जब इन सड़कों का चौड़ीकरण होता है, तो मिट्टी की जांच और बोरिंग के दौरान पता चलता है कि वहां किसी नदी या नाले का तल हुआ करता था। बारिश के मौसम में जलग्रहण क्षेत्र से पानी उमड़ता है और यह साफ होता है कि वहां कभी नदी बहा करती थी। मोहम्मदगंज की राजबारा, कादलकुर्मी की झरहा, कोसीआरा की खोरी, और भुतही जैसी नदियां अब केवल खेतों में तब्दील हो चुकी हैं। सामान्य दिनों



में इनके तल में खेती की जाती है और बालू का नामोनिशान तक मिट चुका है। संघरा और लठेया जैसी नदियों को ग्रेड टू के अंतर्गत बालू खनन के लिए अधिसूचित किया गया है, पर अब उनमें बालू मिलना दुर्लभ हो गया है। जानकारों का कहना है कि यदि इन नदियों के उद्गम स्थल और मार्गों को पुनः अतिक्रमण मुक्त कर वनों से ढका जाए, तो उनका अस्तित्व फिर से लौट सकता है।

## बिना चालान स्टोन चिप्स ले जा रहे दो हाइवा जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**
**चैनपुर।** वन विभाग चेकनाका क्षेत्र में गुरुवार को अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने स्टोन चिप्स ले जा रहे बिना चालान के दो हाइवा को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। हाईवा जेएच 03 एडी 0551 और बीआर जीबी 6099 के चालकों से दस्तावेज मांगे जाने पर वे प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले में खनन व परिवहन विभाग को पत्राचार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कलश स्थापना** | **बाबा डीहवार परिसर में 12 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न**

## श्रद्धा व सहयोग से ग्रामीणों ने बनाया भक्ति का मंच

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** लंगरकोट गांव के वीर शिरोमणि बाबा डीहवार परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर कलश स्थापना के साथ 12 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने बाबा डीहवार को गांव का रक्षक बताया। कार्यक्रम में उप प्रमुख इन्दु देवी, समाजसेवी पवन कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में पंचायत समिति सदस्य, यजमान व युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही।



## कोसीआरा स्टेशन पर निमार्णाधीन फुट ओवरब्रिज की सीढ़ी में दरार, यात्रियों ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन रेलखंड के कोसीआरा स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत निमार्णाधीन फुट ओवरब्रिज की सीढ़ी में दरार आ गई है, जिससे यात्रियों में नाराजगी है। यात्रियों का कहना है कि



इससे पहले लोग मालगाड़ी के नीचे से होकर प्लेटफॉर्म बदलते थे, जो बेहद जोखिम भरा था। फुट ओवरब्रिज का निर्माण एक राहत के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन निर्माण की शुरूआत में ही प्लेटफॉर्म संख्या-एक की सीढ़ी के नीचे ढलाई फट गई, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों ने संबंधित अधिकारियों से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## हुसैनाबाद के झरहा में सरकारी डिग्री कॉलेज में नामांकन शुरू

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के इंटर पास विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। झरहा स्थित नवस्थापित सरकारी डिग्री कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम कुमार ने बताया कि बीए, बीएससी और बीकॉम में नामांकन के लिए छात्र झारखंड विश्वविद्यालय के चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए इंटर की मार्कशीट डाउनलोड करनी होगी और पोर्टल पर अपलोड कर देना होगा। इसके बाद मेधा सूची जारी की जाएगी। 15 जुलाई तक पंजीकरण कराने वाले छात्र नामांकन के पात्र होंगे। कॉलेज में तीनों संकायों में पर्याप्त कक्षाएं और सीटें उपलब्ध हैं। इधर अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज, जपला ने भी विद्यार्थियों से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की है।

### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने की प्रबुद्धजन संगोष्ठी आयोजित

# पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर में "विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, पलामू द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि बीते 11 वर्षों की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेमिसाल रही है। इस उपलब्धि में पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता और प्रबुद्धजनों का अमूल्य योगदान है, जिन्होंने श्री विष्णु दयाल राम को सांसद के रूप में चुना। उन्होंने कहा कि भारत को नुकसान पहुँचाने वाले आज पछता रहे हैं। भारत आज मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। एप्पल कंपनी के मोबाइल निर्माण में खूंटी की लगभग 2000 महिलाएं कार्यरत हैं, जो आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण है।

पलामू प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, डीबीटी, स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इन 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। सरकार ने अब तक 4 करोड़ मकान बनाए हैं और 3 करोड़ नए मकानों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब चौथे स्थान की ओर अग्रसर है।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं गरीबों, किसानों और मध्यम वर्ग को सशक्त बना रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए जा चुके हैं, जिससे माताओं-बहनों को सम्मानपूर्ण जीवन मिला है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिली है। जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पलामू के विकास की चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने जिले के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल प्रमुख हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर भारतीय न्याय व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए नए कानून लागू किए हैं। यह भारत को उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय आपराधिक घटनाएं चरम पर थीं, लेकिन मोदी सरकार के नेतृत्व में इन पर प्रभावी अंकुश लगा है। डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में जो कार्य हुए हैं, वे अद्वितीय और ऐतिहासिक हैं। पहले तुष्टिकरण और समाज को विभाजित कर सत्ता बचाने का प्रयास होता था, आज विकास की राजनीति हो रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जिम्मेदारी और पारदर्शिता की संस्कृति लेकर आई है। यह सरकार प्रभावशाली, मजबूत और निर्णायक फैसले लेने वाली है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व विधायक घूरन राम, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम उपमहापौर राकेश सिंह, लवली गुप्ता, दुर्गा जौहरी, विभाकर नारायण पांडेय, उदय शुक्ला, परशुराम ओझा, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, विपिन बिहारी सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अजय तिवारी, नरेंद्र पांडेय, अमलेश्वर दुबे, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, अभिमन्यु तिवारी, श्वेता गर्ग, छोटू सिंहा, अरविंद सिंह, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, ईश्वरी पांडेय, पप्पू गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, सरवन गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, डिंपल, महिला नेत्री स्मिता, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, अन्नपूर्णा तिवारी सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने प्रस्तुत किया।

# जे टेट में नागपुरी को क्षेत्रीय भाषा बनाए जाने के विरोध में युवाओं ने उठाई आवाज

- **डीईओ से मिले युवा नेता आशीष भारद्वाज व अभ्यर्थी, मगही व पलमुआ बोली को मान्यता देने की मांग, कहा– भाषा पर हमला बर्दाश्त नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता**



मेदिनीनगर। जे टेट परीक्षा की नियमावली में पलामू व गढ़वा के लिए नागपुरी को क्षेत्रीय भाषा बनाए जाने के विरोध में शुक्रवार को पलामू के युवा नेता आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों अभ्यर्थियों व युवाओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने मांग की कि सुझाव के रूप में राज्य सरकार को भेजे जाने वाले पत्र में मगही और पलमुआ बोली को शामिल किया जाए।

भेंट के दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि भाषा व्यक्ति की संस्कृति, निजता और पहचान से जुड़ी होती है। हमारी बोली हमारी मां के समान है, इसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बार-बार भाषा और नियोजन के नाम पर पलामू-गढ़वा वासियों की उपेक्षा कर रही है। डीईओ ने प्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे स्थानीय भावनाओं के अनुरूप ही सुझाव भेजेंगे। सभा में रवि शर्मा, नवीन तिवारी, मधुकर शुक्ला, चंदा झा, संदीप प्रसाद, अंकित उपाध्याय, सुजीत गुप्ता समेत सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ अधिकारियों के कॉल पहचानने में चूक पर डीआईजी सख्त

- **नंबर सेव नहीं रखने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई**
- **वरिष्ठ अधिकारियों से परिचय पूछना पड़ेगा महंगा: डीआईजी ने दी चेतावनी**
- **वरिष्ठ अधिकारियों के कॉल पहचान में चूक पर सख्त डीआईजी, नंबर सेव नहीं रखने पर चेतावनी**
- **पलामू क्षेत्र में सभी पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) ने पुलिस व्यवस्था में संप्रेषण से जुड़ी एक गंभीर चूक को लेकर सभी उपाधीक्षक, निरीक्षक, थाना प्रभारी, पोस्ट व पिकेट प्रभारी को कड़ा संदेश दिया है। एक आदेश के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि बार-बार यह देखा गया है कि जब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने अधीनस्थों से फोन के माध्यम से संपर्क करते हैं, तो कुछ कनीय पुलिस पदाधिकारी अनभिज्ञता दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारी से परिचय पूछ बैठते हैं, जो अत्यंत आपत्तिजनक है।

डीआईजी कार्यालय से निर्गत आदेश में कहा गया है कि यह व्यवहार यह दर्शाता है कि कनीय अधिकारियों ने अपने वरीय अधिकारियों के सरकारी मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी को रक्षित (Saved) नहीं किया है, जबकि यह जानकारी पूर्व में वितंतु के माध्यम से प्रसारित की जा चुकी है।

डीआईजी ने इस चूक को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए सभी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे तत्काल पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र, पुलिस उप-महानिरीक्षक, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं उपाधीक्षकों के संपर्क नंबरों को अपने मोबाइल में सुरक्षित करें।

उन्होंने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि कोई अधिकारी फोन पर संपर्क करने पर अपने वरीय अधिकारी से पहचान पूछता है, तो उस पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी, और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि वरीय अधिकारियों के नंबर जिला स्तर पर टेलीफोन निर्देशिका में उपलब्ध हैं, जिससे इन्हें आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

## खाद्यान्न वितरण व योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आपूर्ति विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, खाद्यान्न वितरण, ई-केवाईसी, पीजीएमएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों, तथा पीवीटीजी समूहों के लिए किए जा रहे प्रयासों की बिंदुवार समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि "अब हो जाएगा, कर देंगे, या जल्द पूरा होगा" जैसे जवाब नहीं चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से अधिकारियों से कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में कार्यों का परिणाम प्रस्तुत हो। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन योजना, धोती-साड़ी योजना, और आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना सहित सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया।

उन्होंने मनातू प्रखंड में सबसे कम ई-केवाईसी होने पर नाराज़गी जताई और सभी एमओ को इसे 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने पीवीटीजी समूहों के बीच राशन वितरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी चिन्हित परिवारों को राशन कार्ड निर्गत किया जाए और नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग त्रुटि नहीं होनी चाहिए, ताकि भविष्य में लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में डीएसओ प्रीति किस्कू समेत अन्य एजीएम व एमओ उपस्थित थे।

## कार व बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस पर उपेक्षा का आरोप

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची रोड में शनिवार को कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे टेंपो से मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) भेजा, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही टीओपी-2 के हवलदार सूर्यनाथ सिंह, मुकेश सिंह, मिथिलेश पासवान, विकास कुमार और जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों वाहनों को टीओपी परिसर में रखवा दिया।

हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस कर्मियों के व्यवहार को लेकर गहरा असंतोष जताया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस का रवैया उपेक्षापूर्ण और असंवेदनशील रहा, जिससे आमजन में नाराजगी देखी गई।

## वरिष्ठ अधिवक्ता ने अर्जुन मुंडा को भेंट की 'हिंदूज़ इन हिंदू राष्ट्र' पुस्तक



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें 'हिंदूज़ इन हिंदू राष्ट्र' पुस्तक व बुक्के भेंट किया।

पांडेय ने इस भेंट को सौहार्दपूर्ण और आनंददायक बताया। उन्होंने कहा कि श्री मुंडा जी का झारखंड की राजनीति और समाज के प्रति योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पलामू दौरे पर आए हुए थे।

## तीरंदाजी से जुड़ी समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड आर्चरी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का मेदिनीनगर के परिषदन भवन में राजा मेदनी राय तीरंदाज एकेडमी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। एकेडमी की ओर से सतीश कुमार ने शॉल ओढ़ाकर और दाऊद केरकेट्टा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर एकेडमी की ओर से पलामू में तीरंदाजी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी श्री मुंडा को सौंपा गया। स्वागत समारोह में एकेडमी के सदस्य सिहानी संतोष कुमार, असलम अंसारी, राजू कुमार प्रजापति, डॉ. अजो हसन सिद्दी, गजेन्द्र कुमार ठाकुर, अधिवक्ता प्रदीप सिन्हा, दीपक कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, कामेश्वर पासवान, बसंत हेमरम, सकेन्द्र प्रजापति, संतन कुमार और जगनारायण मेहता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## शिमला में गूंजा 'जय पलामू, जोहार झारखंड'

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार सहित कुल सात पुरस्कार जीतकर झारखंड का परचम लहरा दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में जब-जब पुरस्कारों की घोषणा हुई, तब-तब पूरा हॉल 'जय पलामू, जोहार झारखंड' के नारों से गूंज उठा। मासूम को ग्रुप स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार के साथ-साथ व्यक्तिगत श्रेणियों में भी सम्मान प्राप्त हुआ। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संस्था के कलाकार छह जून को शिमला गए थे, जहां नौ जून को उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। 11 जून को पुरस्कारों की घोषणा की गई। नाटक का मंचन शिमला के गेटी थिएटर में हुआ जबकि पुरस्कार वितरण समारोह काली बाड़ी हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसडी के वरीय रंगकर्मी सह टीवी और सिने स्टार रोहिताश्व गौड़, एनएसडी के अरविंद गौर, श्रीश डोवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 27 दलों ने भाग लिया। झारखंड की ओर से भाग ले रही पलामू की मासूम आर्ट ग्रुप ने सैकत चटर्जी के निर्देशन में मनोज मित्रा द्वारा लिखित नाटक 'संध्या तारा' का मंचन किया। निर्णायक मंडली ने इस नाटक को प्रतियोगिता का श्रेष्ठ नाटक घोषित करते हुए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। द्वितीय पुरस्कार पंजाब की टीम को मिला। प्रतियोगिता में बंगाल, मुंबई, हरियाणा, दिल्ली, कानपुर, गुजरात, असम आदि राज्यों से भी कलादलों ने भाग लिया। मासूम द्वारा प्रस्तुत नाटक 'संध्या तारा' में निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला। इसके अलावा उन्होंने इस नाटक में 'ताराशंकर' की भूमिका में उत्कृष्ट अभिनय किया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला। संध्यालता की भूमिका के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस, कामरूप सिन्हा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, कनक लता तिर्की को बेस्ट नेगेटिव एक्ट्रेस तथा विनय चौहान को बेस्ट लाइटिंग का प्रथम पुरस्कार मिला।

# समाज कल्याण की योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीसी सख्त

- **चेहरा सत्यापन व पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत एंट्री का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में टीएचआर एवं पोषाहार योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाओं को 30 जून तक सभी लाभुकों का चेहरा सत्यापन पूरा करने का निर्देश दिया। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत प्रविष्टि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सीएएस लाभुकों का एक सप्ताह में सत्यापन और नए लाभुकों की त्वरित एंट्री सुनिश्चित करने को कहा गया।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर शीघ्र चयन करने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि लाभुक क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाए तथा चयन प्रस्ताव 7 दिन के भीतर जमा न करने की स्थिति में उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा। चयन से पहले सभी पोषक क्षेत्रों का सीमांकन व सर्वेक्षण कर लेने को भी कहा गया। लंबित चयन प्रस्तावों को 10 दिन के भीतर निष्पादित करने तथा नवचयनित सेविका-सहायिकाओं को प्रशिक्षण देकर पोषण ट्रैकर में 100% एंट्री कराने का निर्देश दिया गया।

केन्द्र निरीक्षण को लेकर सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं और परियोजना पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप निरीक्षण कर लोकेशन सहित फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में भेजने को कहा गया। पीवीटीजी क्षेत्रों में आधार शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

आधारभूत संरचना की समीक्षा के दौरान भवन निर्माण, पेयजल, शौचालय और बिजली व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई और सभी निर्मित केन्द्रों को 8 दिनों के भीतर हैंडओवर कर संचालन से संबंधित फोटो भेजने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि जो केन्द्र महीने में 15 दिन नहीं खुलते, उनका मानदेय आंशिक रूप से और जो 21 दिन बंद रहते हैं, उनका पूरा मानदेय काटा जाएगा, साथ ही कार्रवाई के प्रस्ताव दो दिन के भीतर समर्पित करने को कहा गया।

पूरक पोषाहार की समीक्षा में एक सप्ताह के भीतर अभिश्रव सूची के साथ रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। कुपोषण उपचार केंद्र में कम बच्चों की रेफरल संख्या पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर अधिकतम संख्या में भर्ती कराने को कहा।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति के लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान



- **उपायुक्त की अपील- "नशे से नहीं, जीवन से लगाओ नाता"**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त समीरा एस के नेतृत्व में नशा उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और जीवन के सकारात्मक पहलुओं से जुड़ें।

अभियान के अंतर्गत एलईडी वैन, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाई जा रही है। छात्र-छात्राओं ने स्लोगनों जैसे "नशा से दोस्ती, जीवन से मुक्ति", "हम सबका सपना, नशा मुक्त भारत अपना", इत्यादि के माध्यम से नशा छोड़ने का संदेश दिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है। हाट-बाजारों से लेकर गांवों तक इस अभियान की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

## उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक, कई योजनाओं पर दिए सख्त निर्देश

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में काम करें अधिकारी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा समाहरणालय के सभागार में बुधवार को उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में झारखंड मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, समाज कल्याण और कल्याण विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति हेतु मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, सेविका-सहायिका की रिक्तियों, पोषण ट्रैकर और फेस रिकॉग्निशन सिस्टम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ और बीडीओ को समय-समय पर योजनाओं के निरीक्षण और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी योजना में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन अधिकारियों की परफॉर्मेंस अपेक्षाकृत कमजोर रही, उन्हें चिन्हित कर शो-कॉज नोटिस जारी करने की बात कही गई।

समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा व्यवस्था की कड़ी समीक्षा

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। वहीं जिन विद्यालयों का परिणाम खराब रहा, उनके प्रधानाध्यापकों, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को फटकार लगाई और लापरवाही बरतने वालों से स्पष्टीकरण तलब किया गया। उन्होंने पुस्तिका, स्कूल बैग वितरण, शिक्षकों की उपस्थिति व आधारभूत संरचना की गहन समीक्षा कर सुधारात्मक निर्देश दिए। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा की योजनाओं, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप, आधार आधारित भुगतान, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास, जलदूत कार्यक्रम, पीएम जनमन योजना सहित सभी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं को बंद किया जाए और मनरेगा सॉफ्ट में शत-प्रतिशत एमबी एंट्री सुनिश्चित की जाए। अबुआ आवास के लाभुकों को मानव दिवस उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना की समीक्षा

बैठक में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि योजना का लाभ केवल पात्र महिलाओं को ही मिले। साथ ही, सभी लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र सुनिश्चित करने और आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा कोषांग से संबंधित सभी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया।

# सतबरवा में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** गुरुवार को सतबरवा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान रॉकी खुर्द क्षेत्र से अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ट्रैक्टर क्रमशः जलील अंसारी व अबू समा (निवासी बकोरिया) के बताए जा रहे हैं। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को थाने लाया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। प्रखंड उपमुखिया सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अर्चना कुमारी ने कहा कि पूरे क्षेत्र में खुलेआम अवैध बालू उठाव हो रहा है, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। कभी-कभी एक-दो गाड़ी पकड़कर औपचारिकता पूरी की जाती है और वाहवाही लूटी जाती है।

## मलेरिया रोधी माह के तहत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को दिए 7 बचाव के टिप्स



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** मलेरिया रोधी माह के अवसर पर चिनियां बस स्टैंड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद अंसारी, सीएचओ प्रमिला कुजूर, एएनएम संजू कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया। शिविर में ग्रामीणों को मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह बीमारी मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है और इससे बचने के लिए मच्छरदानी, दवा का छिड़काव और जलजमाव से बचाव आवश्यक है। टीम ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और महिलाओं को पंपलेट भी वितरित किए। टीम ने कहा कि यदि किसी को तेज बुखार, ठंड या पसीना आता है तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करानी चाहिए। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

## पुलिस आम नागरिकों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर रखेः डीआईजी



**नवीन मेल संवाददाता**

चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है। 2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान MSP पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी एमएसपी फसलें मिलाकर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गई हैं। किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गई है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़ (3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है। ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं। पीएम के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड एमएसपी वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आए। केंद्र सरकार ने केवल एमएसपी बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है। आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है। ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है। चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया हैं। पीएसएस के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की एमएसपी पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100% खरीद सुनिश्चित की गई है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। पीडीपीएस के तहत तिलहन किसानों को एमएसपी व बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है। राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गई है और आवश्यकता अनुसार समय-सीमा भी बढ़ाई जाती है। एमआईएस के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में एनसीसीएफ व एनएएफईडी के माध्यम से की गई है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गई। महाराष्ट्र में तूर और असम में सरसों की खरीद की अवधि बढ़ाई गई है।

आज की बात



**शिवराज सिंह चौहान**
भारत के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

### हाय रे तिलचट्टा

कभी-कभी जिंदगी कुछ ऐसी घटनाएँ हमारे सिर पर पटक देती है, जैसे कोई छुट्टी की सुबह, बिना अलार्म के उठा दे। घटना छोटी होती है, पर प्रतिक्रिया में पूरी पंचायत बैठ जाती है - जैसे पकोड़े में मिर्च ज्यादा पड़ गई हो। ये कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जहां एक निरीह से तिलचट्टे ने पूरे दफ्तर को वह नचाया जैसे चुनावी मौसम में वादा। चाय की प्याली से उठती भाप जितनी गरम नहीं थी, उतनी गरमी उस तिलचट्टे की फड़फड़ाहट ने फैलाई। सुबह का समय था, टिफ़िन में पराठे थे, मन में प्रमोशन की आशा थी, और एक साथी की आँखों में किसी की शादी का ख्वाब था - तभी वह आया। नहीं नहीं, कोई अफ़सर नहीं... एक तिलचट्टा। जैसे ही वो उड़ा और एक महिला कर्मचारी की बाँह पर उतरा, तो लगा जैसे कोई डॉन ने हेलीकॉप्टर से एंट्री मारी हो। "आईईईईईईई" एक चीख फूटी, ऐसी कि लग रहा था प्रेमचंद की कहानियों का दुख किसी टी-सीरीज़ की बैकग्राउंड स्कोर में बदल गया हो। कॉफी गिरी, बिस्कुट बिखरे, और एक कर्मचारी तो झोंपड़ी समझकर टेबल के नीचे छिप गया। तिलचट्टा भी शायद चुनावी नेता था। एक बार में एक जगह नहीं रुकता। कूदता रहा - एक कुर्सी से दूसरी कुर्सी, एक मन से दूसरे मन में डर बोता रहा। पूरा ऑफिस रणभूमि बन चुका था। कोई झाड़ू ढूँढ रहा था, कोई वाइपर, और एक सज्जन तो चप्पल उतारकर -"मारो सालो को!" मगर साहस नाम की चीज़, वही थी जो पेंडिंग फाइल की तरह सबके दिलों में थी - दबा, बुझा और बेसुध। उसी समय, प्रकट हुए मैनेजर साहब। बाल खिचड़ी, चाल धीमी, और चेहरा ऐसा शांत कि जैसे सब्जी में नमक कम हो फिर भी कहें - "ठीक है।" उन्होंने तिलचट्टे को देखा, जैसे डॉक्टर मरीज की एक्स-रे रिपोर्ट पढ़ता है। फिर बड़े आराम से पेपर कप से उसे फुसला कर उठाया और खिड़की से बाहर उछाल दिया। कमरे में शांति फैल गई - जैसे अचानक फिल्म में बैकग्राउंड म्यूज़िक बंद हो गया हो। लोगों ने राहत की साँस ली, कुछ ने ताली भी बजाई। लेकिन शांति ज्यादा देर टिकती कहाँ है, ख़ासकर उस जगह जहां व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट हों। एक दम आवाज़ उठी - "क्यों फेंका बाहर?" फिर दूसरा स्वर - "बिचारा जीवित था!" एक और आवाज़ - "उसे पार्क में छोड़ सकते थे, पौधों के बीच, उसकी बस्ती में।" अचानक, जिसे नायक समझा गया था, वो खलनायक बन गया। तिलचट्टे के प्रति सहानुभूति बहने लगी, और मैनेजर पर आरोपों की बौछार। ये वही लोग थे जो पाँच मिनट पहले कुर्सी पर खड़े होकर चिल्ला रहे थे - "मार दो! बचाओ! मेरी चाय गिर गई!" हमने सुना था कि लोकतंत्र में हर किसी को बोलने का अधिकार है। पर ये किसने कहा था कि हर बात में विरोध का ठेका भी लेना है? ऑफिस की 'लीडरशिप कमेटी' एक्टिव हो गई - जिसमें तीन 'टी पार्टी' सदस्य, दो 'दूसरे की टाँग खींचो' विशेषज्ञ और एक 'कभी काम ना करने की शपथ' ले चुका कर्मचारी शामिल थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# विविधता, समावेशिता और जमीनी जुड़ाव के लिए भाजपा को अपनाना होगा गुमला मॉडल

झारखंड में भाजपा के लिए दीया जलाने का पहला रिकॉर्ड गुमला के नाम रहा है। इतिहास की इस सच्चाई के विपरित इन दिनों इस माटी की चर्चा में दलीय दलदल सुर्खियां बटोर रहा है। निसंदेह कमल के लिए दलदल जरूरी है परन्तु भाजपा के लिए जिस दलदल की बातें की जा रही है उसमें चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन की बातें न होकर कुछ और ही नजर आ रहा है। बताते चलें कि झारखंड की माटी के अंदर भाजपा की विचारधारा को पहली सफलता वर्ष 1967 के विधानसभा चुनाव में गुमला से ही मिली थी। तब स्व.रोपना उरांव ने इसी गुमला में दीया जला कर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। कालांतर में दीये की इसी लौ के कारण न केवल झारखंड की वर्तमान सीमा में बल्कि तत्कालीन बिहार में कमल के चमक का चमत्कार हमें देखने सुनने को मिला। चौपालों की मानें तो भाजपा को पहली जमीन देने का कारनामा यहां के प्रभावशाली जातीय समूह के तौर पर चिन्हित तेली, रौतिया, ब्राह्मण , क्षत्रिय आदि समुदायों के नाम रहा है। निश्चित तौर पर गुमला एक जनजाति बहुल क्षेत्र है और जनजाति कार्यकर्ताओं की सक्रियता बगैर किसी भी दल को यहां ताकत नहीं मिल सकता है। ऐसे में जब यहां का बहुसंख्यक तेली समाज बड़े फख्र के साथ खुद को कोल्ह तेली के रूप में प्रायोजित करता नजर आता है तो जनजातीय क्षेत्र में उसकी पैठ का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरी ओर, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि झारखंड के गांधी का सम्मान रखने वाले स्व.ललित उरांव व कड़ियां मुंडा जैसे जनजाति कार्यकर्ताओं के बूते कालांतर में यहां दिनेश उरांव, सुदर्शन भगत, समीर उरांव ,कमलेश उरांव, चंद्रेश उरांव, शिवशंकर उरांव जैसे कई कार्यकर्ताओं की फसल खड़ी होती चली गई। इसी विरासत में किरण माला बाड़ा, मिसिर कुजूर, कमलेश उरांव, भिखारी भगत, आशीष बारला, एडवर्ड सोरेन, अशोक उरांव सहित कई जनजातीय कार्यकर्ताओं के भी बूते पूरे जिले में भाजपा की गिनती सबसे बड़े राजनैतिक शक्ति में होने लगी। आज भाजपा के पास जिले की



तीन चार विधानसभा चुनाव क्षेत्रों व दो लोकसभा क्षेत्रों में से एक पर भी अपना कार्यकर्ता काबिज नहीं है। गुमला का यह भटकाव राष्ट्रवाद, विकास और सामाजिक समरसता की मूल विचारधारा पर खुद में एक सवाल बन चुका है जबकि गत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हार के पीछे पार्टी की विचारधारा नहीं बल्कि संगठनात्मक कमियों और आंतरिक कलह की बातें सार्वजनिक हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि गुमला का संबंध झारखंड में भाजपा के भ्रुण से रहा है। ऐसे में तमाम सवालों से घिरे इस दल को अपने समग्र इलाज के लिए गुमला को एक परिक्षण स्थल के रूप में लिया जाना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कुछ ऐसी कमियाँ हैं जो एकदम से स्पष्ट हैं और पूरे प्रांत को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। सरसरी तौर पर देखें तो गुमला जिला अध्यक्ष की विवादास्पद नियुक्ति, विवादित जिलाध्यक्ष के कालखंड के दौरान मंडल अध्यक्षों के चयन में तेली समाज की घोर उपेक्षा, पिछड़ी जातियों के लिए जिला आधारित कैडर में आरक्षण की नीति, सवर्ण समाज के प्रति बेरुखी आदि कई कारण गिनाए जा रहे हैं। इसी तरह विरोध के बाद जिलाध्यक्ष को हटाकर प्रदेश मंत्री बनाने, मतदाताओं के बीच सक्रिय अशोक उरांव का झामुमो में अनावश्यक पलायन, सिसई से अशेष बारला, शशिकांत भगत व गुमला से मिसिर कुजूर की उपेक्षा, घोर कांग्रेसी परिवार से लाकर अरूण उरांव को टिकट देने के नीतिगत भटकाव आदि कारनामों को भी कमतर नहीं आंका जा सकता है। बताते चलें कि विविधता व समावेशिता के इस संदर्भ में कमोबेश पूरे प्रदेश की यही व्यथा है। बहरहाल, दल व भूगोल की दृष्टि से हासिए पर खड़े गुमला की मानें तो भाजपा के लिए यह पुनर्जनन का अवसर बन सकता है क्योंकि आज भी उसके पास विविधता, आत्ममंथन, सकारात्मक बदलाव और समावेशिता को अपनाने का "गुमला माडल" विद्यमान है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राज्य की बात



**केदार नाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

कुछ बोले, कुछ चुप रहे, चुप्पी क्या थी व्यर्थ?
आतिशबाजी की तरह, छिटक रहे थे अर्थ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# क्या बदल रही भारतीय नारियां ?

वर्तमान समय में देखने में आ रहा है समाज में विभिन्न कुरीतियां के साथ कई अन्य घटनाएं भी सामने देखने को आ रही है, विवाह एक पवित्र बंधन है लेकिन वैवाहिक जोड़े इस पवित्र बंधन को बदनाम कर रहे हैं जिसमें कुछ युवा भी शामिल है और महिलाओं भी भी शामिल है, योगाचार्य महेश पाल बताते है कि वर्तमान समय में जिस प्रकार पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या एवं महिलाए व पुरुष पराए मर्द व स्त्री के साथ व्यभिचार में लिप्त होना यह समाज के लिए दुर्भाग्य पूर्ण बात है,अपनी नाजुक कलाइयों पर खरोंच पड़ने से तिलमिलाती लड़कियाँ संकोच के कारण अपने मन की बात कहने से डरने बाली लड़कियाँ, कमरे में छिपकली देखकर डरने वाली लड़कियाँ आखिर इतनी निडर कैसे हो गई, कि अपने जीवन साथी को मौत के घाट उतारने में भी उन्हें संकोच नही होता। कभी भाड़े के हत्यारों को बुलाकर अपने पति को हत्या की साजिश रचती मौत के हवाले कर शव को खाई में फेंकती हैं, कभी कत्ल करके शव को किसी ड्रम में डालकर सीमेंट के घोल से पत्थर बनाने का असफल प्रयास करती हैं। कोई अपने प्रेमी के साथ पति का गला घोंटकर शव के ऊपर साँप को बिठाकर पति की मौत का कारण साँप के द्वारा डसा जाना बताती हैं। कोई विवाह के उपरांत से ही पति की कमाई पर कब्जा करके अपने मायके वालों का पोषण करती हैं तथा पति को आतंकित करके मृत्यु का वरण करने हेतु विवश कर देती है, जिनमें मुस्कान, ज्योति मौर्य, रबिता, सोनम जैसी लड़कियों ने समाज में विपरीत स्थिति पैदा कर दी है, अभी हाल ही मै इंदौर(म.प्र) की धड़कनों को झकझोर देने वाला एक ऐसा सच सामने आया है, जो किसी भी संवेदनशील इंसान की आत्मा को हिला दे।राजा रघुवंशी एक होनहार, सजीव, मुस्कुराता चेहरा जिसकी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी थी उसकी नई नवेली पत्नी सोनम रघुवंशी,11 मई को दोनों ने सात फेरे लिए, सपनों की डोर में बंधे, और 20 मई को चल दिए हनीमून मनाने मेघालय, वही पत्नी सोनम अपने प्रेमी के प्रेम में मस्त होकर अंधे प्यार में लिप्त होकर अपने पति की हत्या करवा देती हैं, सोनम द्वारा राजा की हत्या ने सिर्फ एक बेटे को मां से नहीं छीना,बल्कि उस भरोसे को भी तोड़ दिया है जो समाज स्त्रियों के प्रति संजोए बैठा है, हमारे भारतीय समाज में स्त्री को शक्ति का स्वरूप कहा गया है,ममता, करुणा और त्याग की मूर्ति। मगर चंद औरतें हां, सिर्फ कुछ आजकल ऐसे वीभत्स अपराधों को अंजाम दे रही हैं कि पूरी नारी जाति को कटघरे में खड़ा होना पड़ रहा है।, क्या हो गया है आजकल की कुछ लड़कियों को,क्या पैसा,आज़ादी और झूठे सपनों के पीछे अब प्रेम, विश्वास, और रिश्तों की कीमत खत्म हो गई है?क्या पति अब सिर्फ एक रास्ता है संपत्ति और योजना पूरी करने का?क्या अब स्त्री सिर्फ त्याग का प्रतीक नहीं, छल और चाल की मूर्ति बनती जा रही है? ये सवाल पूरे समाज से जवाब मांगते हैं। सवाल समाज से भी है,क्या अब भी हम आंख मूंदकर हर स्त्री को देवी मानते रहेंगे?या अब समय आ गया है कि अच्छाई और बुराई का मूल्यांकन इंसान के कर्मों से हो, उसके लिंग से नहीं।सोनम अपने पति के हत्यारिन के रूप मैं सामने आई है, यह सिर्फ एक अपराध नही, बल्कि समाज, परिवार और विवाह संस्था की आत्मा पर चोट है। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर क्या मन से भी उतना ही स्वच्छ है? राजा-सोनम कांड ने एक गंभीर सवाल खड़ा किया है, हम किस दिशा में जा रहे हैं? किस सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था को गढ़ रहे हैं, लेकिन सवाल है कि सोनम जैसे युवाओं को बना कौन रहा है? भारत की मातृशक्ति की परंपरा सीता, सावित्री, मैत्रेयी, गार्गी,देवी अहिल्या बाई, लोपामुद्रा, लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले से भरी है। फिर सोनम जैसी विकृति क्यों? क्या इसके पीछे बदलती लाइफस्टाइल विदेशी खाना, बॉलीवुड मैं बनती अश्लील फिल्में व सीरियल,लिविंग रिलेशन, सोशल मीडिया पर बनती गलत संगत बाली रीले, नशे की लत, गलत संगत, खुली आजादी, शिक्षा, भारतीय संस्कृति से दूर, उच्च बौद्धिकता का अभाव, विवाह को पवित्र बंधन ना मानना इन सभी कारणों से युवा व युक्तियों की बदलती विचार शैली और नकारात्मकता, इन सभी कारणों की बजह से आज समाज मैं ऐसी स्थिति बन रही है, बही दूसरी और वर्तमान की शिक्षा पद्धति है जो आदर्श नहीं, सिर्फ कॅरियर सिखा रही है। अंग्रेजी माध्यम, कान्वेंट, मैकॉलेवादी सोच ने हमारे संस्कारों को काटकर फेंक दिया है। देश को अब ऐसी शिक्षा चाहिए जो गुरुकुल की तरह चरित्र निर्माण करे, अब बच्चों का युवाओं में उच्च संस्कार विकसित करने के लिए योग शिक्षा पर भी जोर दिया जाना चाहिए योग नकारात्मक विचारों को दूर करने व युवाओ में उच्च बौद्धिकता को विकसित करने का काम करता है जिससे इस प्रकार की घटना को काफी हद तक रोका जा सकता है, यूँ तो प्रेम और आकर्षण मन के विषय हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पिछले 11 वर्षों में ऑयल व गैस इन्फ्रा में काफी सुधार, भारत की एनर्जी सिक्योरिटी मजबूत हुई : पुरी

- देश में अब 23 आधुनिक रिफाइनरियों का परिचालन हो रहा है, जिनकी कुल क्षमता 257 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है



**एजेंसी**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत के ऑयल और गैस सेक्टर का काफी विस्तार हुआ है, जिसमें आधुनिक रिफाइनरियों और पाइपलाइनों के निर्माण से लेकर भंडार सुरक्षित करने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ग्रोथ स्टोरी में इन्फ्रास्ट्रक्चर केंद्र में रहा है और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर में इन प्रयासों ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया है और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखी है।" पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि देश में अब 23 आधुनिक रिफाइनरियों का परिचालन हो रहा है, जिनकी कुल क्षमता 257 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जो पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन करती हैं।

देश में घरेलू रसोई के लिए ग्रीन कुकिंग फ्यूल उपलब्ध कराने वाले पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर अब देश भर के 733 जिलों में कर दिया गया है। इसके अलावा वाहनों को ईंधन देने के लिए कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) देश भर में 8,000 खुदरा स्टेशनों पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय की कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीबीजी) पहल के परिणामस्वरूप 625 टीपीडी की संयुक्त क्षमता वाले 106 संयंत्र स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पुदुर की भंडारण क्षमता 2.25 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) है, विशाखापत्तनम सुविधा में 1.33 एमएमटी कच्चे तेल के भंडारण की क्षमता है, जबकि मैंगलोर की भंडारण क्षमता 1.5 एमएमटी है। इसके अलावा चंडीखोल में एक और रणनीतिक रिजर्व सुविधा बनाई जा रही है, जो समुद्र तट पर ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने छह कौशल विकास संस्थान स्थापित किए हैं, जो अब तक 16,000 से अधिक पेशेवरों को कौशल प्रदान करने में सफल रहे हैं।

## एआई स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे अधिक परिवर्तनकारी तकनीक : सर्वे




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के अगले दो से तीन वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे अधिक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में देखा जा रहा है जिसमें चालू वर्ष में डॉयग्नोस्टिक से जुड़े निर्णय लेने उसके कार्यान्वयन में विशेष रूप से उपयोग किया जा रहा है।

डीएचएन दिल्ली फोरम 2025 में वार्षिक डिजिटल स्वास्थ्य रुझान और आउटलुक 2025 रिपोर्ट जारी की गयी है। इस कार्यक्रम में हेल्थकेयर उद्यमी, नीति निर्माता और भारतीय हेल्थकेयर के भविष्य को आकार देने वाले इनोवेटर की मौजूदगी में जारी नई रिपोर्ट में डिजिटल परिवर्तन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकार्ड आधुनिकीकरण और रणनीतिक सहयोग को अहम बताया गया है।

## टेफाल के प्रीमियम कुकवेयर और स्मार्ट होम अप्लायंसेस का विस्तार




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रीमियम कुकवेयर और होम अप्लायंसेज़ बनाने वाली कंपनी टेफाल ने वर्ष 2025-26 में 40 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च करने की योजना के साथ गुरूवार को यहां भारत के लिए अपनी अब तक की सबसे व्यापक और नवाचार-प्रेरित प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। ग्रुप एसईबी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कक्कड़ ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के साथ नये उत्पादों का अनावरण किया। इस मौके पर श्री कक्कड़ ने कहा कि स्थानीयकरण और टिकाऊपन पर विशेष ज़ोर देते हुये टेफाल ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार अपने नवीनतम उत्पाद प्रस्तुत किए हैं।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व से स्थानीय युवाओं को मिल रहा रोजगार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वन्यजीव पर्यटन के नक्शे पर तेजी से लोकप्रिय हो रहे उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बड़ी तादाद में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ईको डेवलपमेंट कमेटी (ईडीसी) के जरिए न केवल ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए मौके भी मिल रहे हैं। टाइगर रिजर्व फाउंडेशन की ओर से पीलीभीत के चूका(सेल्हा), बराही और चौका खेड़ा में 8 ईडीसी का संचालन हो रहा है, जो स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर टूरिस्ट गाइड, कैंटीन संचालन के साथ स्थानीय गांवों में सड़क निर्माण, सोलर लाइट, तालाबों का निर्माण जैसे विकास कार्य भी करवा रही है।

टाइगर रिजर्व फाउंडेशन की मदद से चल रही ईडीसी, प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकास कार्य में भी योगदान दे रही हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास के गांवों, जैसे चूका (सेल्हा), बराही, और चौंका खेड़ा में वर्तमान में लगभग 8 ईडीसी संचालित हैं। ये कमेटियां स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें टूरिस्ट गाइड, कैंटीन संचालन, और जागरूकता अभियानों जैसे कार्यों से जोड़ रही हैं। इसके अतिरिक्त, ये समितियां टाइगर रिजर्व के आसपास के गांवों में सड़क निर्माण, खड़ंजा, सोलर लाइट और जलाशय निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास में भी योगदान दे रही हैं। ईडीसी द्वारा किये जा रहे ये कार्य स्थानीय समुदाय के लोगों को शामिल कर समावेशी विकास की अवधारणा को सही साबित कर रही है।

प्रवक्ता ने बताया कि टाइगर रिजर्व फाउंडेशन की ओर से हर ईडीसी को प्रति वर्ष लगभग एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता के माध्यम से कमेटियां अपनी गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करती हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करती हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास संचालित इन ने प्रतिवर्ष 6 से 10 लाख रुपये की आय अर्जित की है। इस आय का उपयोग न केवल कमेटी के संचालन में, बल्कि स्थानीय गांवों के विकास कार्यों में भी किया है। सड़कों का निर्माण, सोलर लाइट की स्थापना, और जलाशयों जैसे कार्यों ने ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ये ईडीसी स्थानीय समुदाय के लोगों और टूरिस्टों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य भी कर रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि भविष्य में वन विहारों और टाइगर रिजर्व के पास ऐसी कमेटियों के विस्तार से क्षेत्र में और अधिक रोजगार और विकास के अवसर सृजित होने की उम्मीद है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/9/2025-26/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत घाघु में राजकीयकृत मध्य विद्यालय धाधु में 01 किचेन शेड 05 वर्ग कक्षा(कमरा) एवं 01 प्रधानाध्यापक का कार्यालय प्रकोष्ठ का निर्माण। | 5575300 | 111600 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 19.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 354785 (Rural Development) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/12/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत नगर पंचायत लातेहार में लैम्पस अन्तर्गत दुकान भवन की मरम्मति। | 1990400 | 40000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 19.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 354786 Rural Development(25-26)D


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

**74वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–चतरा (पार्ट–2)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उरांव एवं पुष्कर महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–167/25 2. आवेदक–उमाकांत दांगी , पिता–स्व0 राजदेव महतो<br>3. ग्राम–पत्थलगडा , पोस्ट–पत्थलगडा , थाना–पत्थलगडा , प्रखण्ड–पत्थलगडा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंगुठा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–168/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र दांगी , पिता–स्व0 चुरामण महतो<br>3. ग्राम–बारियातु , पोस्ट–गांगपुर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–169/25 2. आवेदक–विश्वनाथ प्रसाद बर्मा , पिता–स्व0 रामलखन दांगी<br>3. ग्राम–पत्थलगडा , पोस्ट–पत्थलगडा , थाना–पत्थलगडा , प्रखण्ड–पत्थलगडा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–170/25 2. आवेदक–दीपेन्द्रनाथ दांगी , पिता–स्व0 भेखलाल महतो<br>3. ग्राम–पत्थलगडा , पोस्ट–पत्थलगडा , थाना–पत्थलगडा , प्रखण्ड–पत्थलगडा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–171/25 2. आवेदक–मोती दांगी , पिता–स्व0 तिरथ महतो<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–ईचाक खुर्द , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–172/25 2. आवेदक–जितनी देवी , पति–स्व0 तिरथ महतो<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–ईचाक खुर्द , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–173/25 2. आवेदक–फगुनी देवी , पति–उमर दाँगी<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–ईचाक खुर्द , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–174/25 2. आवेदक–उमर दाँगी , पिता–अनूप दाँगी<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–ईचाक खुर्द , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–175/25 2. आवेदक–शीलावन्ती देवी , पति–स्व0 उमाकान्त दांगी<br>3. ग्राम–पत्थलगडा , पोस्ट–पत्थलगडा , थाना–पत्थलगडा , प्रखण्ड–पत्थलगडा<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–61/25 2. आवेदक–देवमुन राम , पिता–लोबधलन राम<br>3. ग्राम–कोरेया , पोस्ट–हालीवंता कला , थाना–नगरउंटारी , प्रखण्ड–नगरउंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर छाई का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–176/25 2. आवेदक–सरोज देवी , पति–प्रमेश्वर महतो<br>3. ग्राम–लोवागडा , पोस्ट–उँटा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढुठी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–177/25 2. आवेदक–प्रमेश्वर महतो , पिता–नरकू महतो<br>3. ग्राम–लोवागडा , पोस्ट–उँटा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–178/25 2. आवेदक–सुधीर सिंह , पिता–लक्ष्मी नारायण सिंह<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–ईचाक खुर्द , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–179/25 2. आवेदक–शकुंतला देवी , पति–प्रमेश्वर महतो<br>3. ग्राम–लोवागडा , पोस्ट–उँटा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भिनसेन्ट ओडेया एंव मरकुस नाग द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के मा0 सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–180/25 2. आवेदक–मजीया हस्सा, पिता–स्व0 हिन्दु हस्सा<br>3. ग्राम–मेंराल , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–181/25 2. आवेदक–धनेश्वर गंझू , पिता–स्व0 गुली गंझू<br>3. ग्राम–मेंरमगड़ा , पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–182/25 2. आवेदक–सोमा मुण्डा , पिता–स्व0 एतवा मुण्डा<br>3. ग्राम–जेहरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–183/25 2. आवेदक–महादेव मुण्डा , पिता–सोमा मुण्डा<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–द्ववारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–184/25 2. आवेदक–सुरेश राम , पिता–टेकलाल राम<br>3. ग्राम–गोपीपुर , पोस्ट–पत्थलगड़ा, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ का अंगुली के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–185/25 2. आवेदक–रीना तिडू , पति–सोमा मुण्डा<br>3. ग्राम–जेहरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में गोदना का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–186/25 2. आवेदक–सालगी नाग , पति–जादो हस्सा<br>3. ग्राम–मेराल , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में गोदना का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–187/25 2. आवेदक–दुखन मुण्डा , पिता–सुकर राम मुण्डा<br>3. ग्राम–खैरा टोला बड़किटांड , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–188/25 2. आवेदक–बालेश्वर गंझू , पिता–स्व0 बंधू गंझू<br>3. ग्राम–चिटुआ, पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में जला हुआ घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–189/25<br>2. आवेदक–लखन कुमार प्रजापति , पिता–स्व0 हिरामन प्रजापति<br>3. ग्राम–जेहरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के नीचे ऐला का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–190/25 2. आवेदक–रामा साव , पिता–स्व0 मोहन साव<br>3. ग्राम–खैरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जला का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–191/25 2. आवेदक–कामेश्वर यादव , पिता–स्व0 जयराम यादव<br>3. ग्राम–खैरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–192/25 2. आवेदक–जगलाल हजाम , पिता–खेदन हजाम<br>3. ग्राम–खैरा , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–लीलार में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–193/25 2. आवेदक–प्रेम प्रकाश मुण्डा, पिता–स्व0 हाथीराम मुण्डा<br>3. ग्राम–मेंराल , पोस्ट–द्ववारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–194/25 2. आवेदक–शशि भूषण टुटी , पिता–सव0 इलियाजर टुटी<br>3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–द्वारी, थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में जख्म का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–195/25 2. आवेदक–सोमा मुण्डू, पिता–स्व0 घसीराय मुण्डू<br>3. ग्राम–मेंराल , पोस्ट–द्ववारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–196/25 2. आवेदक–बानो मुण्डा, पिता–स्व0 पन्दू मुण्डा<br>3. ग्राम–सोस , पोस्ट–शिला , थाना–सिमरिया, प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–197/25 2. आवेदक–माइकेल मुण्डा, पिता–स्व0 भिनसेन्ट मुण्डा<br>3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाभि के बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–198/25 2. आवेदक–रामधारी भोगता, पिता–देवी गंझू<br>3. ग्राम–रतरूआ , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–199/25 2. आवेदक–जागा हस्सा, पिता–स्व0 सुम्बर हस्स<br>3. ग्राम–भेलवाटांड , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–200/25 2. आवेदक–पौलुस नकुल कुजूर,<br>पिता–स्व0 टीसा जुनास कुजूर<br>3. ग्राम–देवरिया , पोस्ट–टुटीलावा , थाना–सिमरिया, प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–201/25 2. आवेदक–पौलुस संगा , पिता–जोहन संगा<br>3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–202/25 2. आवेदक–शिवशंकर सिंह भोगता , पिता–पुसन गंझू<br>3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–किशोर हस्सा , पिता–जितराय हस्सा<br>3. ग्राम–मेराल (भेलवाटांड) , पोस्ट–द्वारी , थाना–पत्थलगड़ा, प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी उषा देवी एवं मुनेश्वर माली द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के मा0 सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–203/25 2. आवेदक–शहरेजाद अहमद , पिता–स्व0 नेसार अहमद<br>3. ग्राम–चरका कला , पोस्ट–नरायणपुर , थाना–प्रतापपुर , प्रखण्ड–प्रतापपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलार में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–204/25 2. आवेदक–लीलावती देवी , पति–उमेश साव<br>3. ग्राम–सूरही , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–205/25 2. आवेदक–अंजली देवी , पति–सुनील कुमार साहु<br>3. ग्राम–सूरही , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–206/25 2. आवेदक–मंजु देवी , पति–स्व0 रामदेव ठाकुर<br>3. ग्राम–आरा , पोस्ट–तपेज , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–207/25 2. आवेदक–सुनील कुमार साव , पिता–उमेश साव<br>3. ग्राम–सूरही , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–208/25 2. आवेदक–नेहाल अहमद , पिता–स्व0 नेसार अहमद<br>3. ग्राम–चरका कला , पोस्ट–नारायणपुर , थाना–प्रतापपुर , प्रखण्ड–प्रतापपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–209/25 2. आवेदक–उमेश साव , पिता–स्व0 वंशी साव<br>3. ग्राम–सूरही , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मिनहाजुल हक द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के मा0 सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–210/25 2. आवेदक–मो0 साबिर नेजामुद्दीन , पिता–स्व0 महबुब हुसैन<br>3. ग्राम–लाईन मुहल्ला, खानकाह रोड, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–211/25 2. आवेदक–मो0 गालिब अंसारी , पिता–मो0 अब्दुल लतीफ<br>3. ग्राम–80, अंसार नगर, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–212/25 2. आवेदक–मो0 जाहिद अंसारी , पिता– अब्दुल लतीफ<br>3. ग्राम–12, अंसार नगर, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–213/25 2. आवेदक–खैयाम कौसर अंसारी , पिता–इमदाद अली<br>3. ग्राम–विण्ड मुहल्ला, अंसार नगर, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–214/25 2. आवेदक–गुलाम सरवर अंसारी, पिता–इमदाद अली<br>3. ग्राम–विण्ड मुहल्ला, अंसार नगर, चतरा , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा, प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–313/25 2. आवेदक–फरहाना खातुन , पिता–जहिरूद्दीन<br>3. ग्राम–पाहन टोली पंडरी , पोस्ट–चान्हों , थाना–चान्हों, प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो एवं राजेन्द्र दांगी द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–215/25 2. आवेदक–निरंजन दाँगी , पिता–कन्नी महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट– गिद्धौर , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–216/25 2. आवेदक–मुनी देवी , पति–युगल किशोर दाँगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट– गिद्धौर , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–217/25 2. आवेदक–चुनेश्वर यादव , पिता–रामनाथ यादव<br>3. ग्राम–कनौदी , पोस्ट– कामता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–218/25 2. आवेदक–सुरेश साव , पिता–डेगो साव<br>3. ग्राम–खैरा , पोस्ट– दवारी , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–219/25 2. आवेदक–विशेश्वर यादव , पिता–स्व0 रामनाथ यादव<br>3. ग्राम–कनौदी , पोस्ट– कामता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–220/25 2. आवेदक–भीम प्रकाश राणा , पिता–स्व0 मोहन राणा<br>3. ग्राम–सिंघानी , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–221/25 2. आवेदक–डोमन यादव , पिता–स्व0 जीवा यादव<br>3. ग्राम–नोनगाँव , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह– आँख के निचे दो तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–221/25 2. आवेदक–यशवंत कुमार पाण्डेय , पिता–प्रेमा पाण्डेय<br>3. ग्राम–मधनिया , पोस्ट– मधनिया , थाना–मयूरहंड , प्रखण्ड–मयूरहंड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां जांघ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–223/25 2. आवेदक–प्रदीप पाण्डेय , पिता–राजाराम पाण्डेय<br>3. ग्राम–बरगड़ा , पोस्ट–बहिमार , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां गाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–224/25 2. आवेदक–अजित कुमार अकेला , पिता–दुखी महतो<br>3. ग्राम– पत्थलगड़ा , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–225/25 2. आवेदक–भवानी दाँगी , पिता–मुटर दाँगी<br>3. ग्राम–बारीसाखी , पोस्ट– बारीसाखी , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 354718 Home(25-26).D

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद बोइंग के शेयर प्री-मार्केट ट्रेडिंग में 6 प्रतिशत से अधिक गिरे

**एजेंसी**



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन के गुरुवार को अहमदाबाद में क्रैश होने के बाद बोइंग के शेयर प्रीमार्केट ट्रेडिंग में 6 प्रतिशत से अधिक फिसल गए। दोपहर 3:31 पर बोइंग के शेयर प्री-मार्केट में 6.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 196.51 डॉलर पर थे। बुधवार को बोइंग का शेयर 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 214 डॉलर पर बंद हुआ था।

बोइंग द्वारा निर्मित एयर इंडिया का यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और उड़ान भरने के कुछ देर के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 10 चालक दल के सदस्यों और तीन छोटे बच्चों सहित 242 लोग सवार थे।

यह दुर्घटना अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके के पास हुई। विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हुआ है। प्लेन के क्रैश होने के तुरंत बाद घटनास्थल से आसमान में काला धुंआ उठता हुआ देखा गया है। इससे विमान दुर्घटना में भारी नुकसान का अनुमान है।

प्लेन क्रैश होने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। राहत और बचाव का काम किया जा रहा है। हालांकि इस हादसे में कितना जानमाल का नुकसान हुआ है, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर कहा, "फ्लाइट एआई171 अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रही थी। आज 12 जून को दुर्घटना का शिकार हुई है। हम अभी विवरण की जांच कर रहे हैं और इस मामले में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' और एअर इंडिया की वेबसाइट पर अधिक जानकारी साझा करेंगे।"

# सेबी से मिली एनएसई को मंथली इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स लॉन्च करने की मंजूरी




**एजेंसी**

**मुंबई (आईएएनएस)।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कहा कि उसे सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) से मंथली इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है।

इसे भारत के पावर मार्केट्स के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इससे इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 के अंतर्गत शुरू किए गए दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों को समर्थन मिलेगा।

एनएसई की ओर से मंथली इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स लॉन्च करने का उद्देश्य इलेक्ट्रिसिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ बाजार के भागीदारों को हेजिंग का एक अच्छा टूल उपलब्ध कराना है। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी वैल्यू-चेन जैसे जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और रिटेल में पूंजीगत निवेश को प्रोत्साहित करना है।

एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा, "यह मंजूरी एनएसई के व्यापक बिजली डेरिवेटिव इकोसिस्टम के लिए विजन की शुरुआत मात्र है। विनियामक अनुमोदन के अधीन तिमाही और वार्षिक कॉन्ट्रैक्ट्स जैसे कॉन्ट्रैक्ट्स फॉर डिफरेंस (सीएफडी) और अन्य लंबी अवधि के बिजली डेरिवेटिव को धीरे-धीरे शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है।"

हाल ही में एनएसई सीईओ ने कहा था कि एनएसई डीआरएचपी प्रोसेस शुरू करने के लिए सेबी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) का इंतजार कर रहा है और जैसे ही एक्सचेंज को यह मिल जाएगा, वह डीआरएचपी बनाने के प्रोसेस को शुरू कर देंगे।

"एक्सचेंज ने रेगुलेटर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की मांग की है। एनओसी मिलने के बाद हम अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टर्स (डीआरएचपी) तैयार करेंगे और फिर हम इसे सेबी को वापस भेजेंगे। इसके बाद वे इसे मंजूरी देने के लिए अपना समय लेंगे।"

एनएसई ने 1994 में देश की पहली पूरी तरह से स्वचालित स्क्रीन-आधारित ऑर्डर मिलान सिस्टम शुरू किया था। इस इनोवेशन ने दुनिया को आईटी क्षेत्र में भारत की उभरती हुई ताकत को दिखाया था। आज एनएसई दुनिया का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बन गया है।

# 54 हजार टन मूंग व 50 हजार टन मूंगफली खरीदेगी सरकार



- पीएसएस के तहत मूंगफली की खरीद को भी मिली मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदने का फैसला किया है। सरकार ने किसानों से ग्रीष्मकालीन फसल सीजन 2025-26 के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत मूंग खरीदने को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने मूंग के साथ ही मूंगफली की भी सरकारी खरीद करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने खरीफ 2024-25 के लिए आंध्र प्रदेश में अरहर की खरीद अवधि 15 दिन और बढ़ा दी है।

मूंग के साथ ही केंद्र सरकार ने पीएसएस के तहत मूंगफली खरीदने का भी निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने ग्रीष्मकालीन फसल सीजन 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश में पीएसएस के तहत कुल 50,750 टन मूंगफली की खरीद को मंजूरी दी है। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में राज्य के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए आंध्र प्रदेश में अरहर खरीद की अवधि को 15 दिन बढ़ाकर 26 जून तक करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर देश की निर्भरता को कम करते के साथ ही दलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए ने खरीद वर्ष 2024-25 के लिए संबंधित राज्य के उत्पादन के 100 फीसदी तक अरहर, उड़द और मसूर की खरीद को पीएसएस के तहत खरीदने की अनुमति पहले ही दे चुकी है।

## मूंग की कितनी व किन राज्यों में होगी सरकारी खरीद?

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) लागू की है। यह योजना तब लागू किया जाता है जब अधिसूचित दलहन, तिलहन तथा खोपरा के बाजार मूल्य चरम कटाई अवधि के दौरान निर्धारित न्यूनतम मूल्य( एमएसपी) से नीचे चले जाते हैं। इस योजना उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित व लाभकारी मूल्य दिलाना है। केंद्र सरकार ने ग्रीष्मकालीन फसल सीजन 2025-26 के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्यों में पीएसएस के तहत मूंग खरीदने को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार इन राज्यों में एमएसपी पर 54,166 टन मूंग की खरीद करेगी।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची जिला–लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिनोद भगत एंव रामनन्दन साहु द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–46/25 2. आवेदक–बालेश्वर महतो , पिता–स्व0 कन्दरू महतो<br>3. ग्राम–सलगी , पोस्ट–सलगी , थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. आवेदक–फूलो देवी (आश्रित) , पति–स्व0 देवी महतो (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–भड़गाँव , पोस्ट–भड़गाँव , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. आवेदक–पंचम मुण्डा , पिता–स्व0 बुधू मुण्डा<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–बनसरी , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायाँ गाल में मासा ओर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. आवेदक–सरिता मुण्डाईन ,पति–पंचम मुण्डा<br>3. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–बनसरी , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. आवेदक–ललिता देवी , पति–मनमोहन साहु<br>3. ग्राम–सेन्हा , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–लाल पंचम नाथ साहदेव, पिता–स्व0 लाल रघुवर नाथ साहदेव<br>3. ग्राम–कुन्दगडा , पोस्ट–चाँपी जरीयों , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. आवेदक–लोकनाथ राम , पिता–स्व0 फेकन राम<br>3. ग्राम–कुन्दगडा , पोस्ट–चाँपी जरीयों , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71वर्ष , पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. आवेदक–लाघुवा भगत , पिता–स्व0 कुवर भगत<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. आवेदक–रामदास पासवान , पिता–स्व0 अनिरूद पासवान<br>3. ग्राम–कोलसिमरी , पोस्ट–लावागाई , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के सामने का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. आवेदक–शिव प्रसाद साहू , पिता–कोल्हा साहू<br>3. ग्राम–विश्रामगढ़ , पोस्ट–ओपा , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. आवेदक–शंकर यादव , पिता–बसगोपाल यादव<br>3. ग्राम–विश्रामगढ़ , पोस्ट–ओपा , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के अंगुठा में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–57/25 2. आवेदक–मुरारी महतो , पिता–गौरी शंकर महतो<br>3. ग्राम–बड़की चांपी , पोस्ट–बड़की चांपी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के जाँघ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–58/25 2. आवेदक–किशुन उराँव ,पिता–स्व0 डोमना उराँव<br>3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–जोरी , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–59/25 2. आवेदक–रंथू उराँव ,पिता–घुडा उराँव<br>3. ग्राम–जोरी नवाटोली , पोस्ट–जोरी , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–60/25 2. आवेदक–रघुनाथ उराँव ,पिता–स्व0 घुडा उराँव<br>3. ग्राम–जोरी नवाटोली , पोस्ट–जोरी , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–61/25 2. आवेदक– लीला देवी , पति– हरि गोप<br>3. ग्राम–बन्दुवा , पोस्ट–बड़की चांपी , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–महिला , आयु–64वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के उत्पाद विभाग ने गुरुवार सुबह अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। विभाग ने चैनपुर बाजार टांड़ स्थित महुआ शराब विक्रेता सुमित टोप्पो और मेरी टोप्पो के घर से 5 लीटर महुआ शराब जब्त की और दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।उत्पाद विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई थी। इस कार्रवाई के बाद से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है, और कई विक्रेताओं ने अपना कारोबार बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है।छापामारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद सिपाही और सशस्त्र गृहरक्षक बल के सदस्य शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में इस प्रकार की कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में एक सकारात्मक संदेश गया है, जिससे उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का आश्वासन मिला है।


# बीज वितरण में हो रही है अनियमितता, जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** विरसा बीज अत्पादन, विनिगय वितरण एवं फसल विस्तार योजना से अब बसिया कामडारा के लाभूक किसानों का मोह भंगा होने लगा है। अपना काम-धंधा छोड़कर सुदूरवर्ती इलाकों से प्रखंड कार्यालय परिसर तक आने जाने और दिन भर भूखे प्यासे कतार में लगे रहने के बावजूद उनके रजिस्ट्रेशन में बाधा उत्पन्न हो रही है। आज इस मामले से क्षुब्ध किसानों ने बताया कि पूरे गुमला जिले में विशुनपुर प्रखंड के बनारी, पालकोट व गुमला लैंपस को इस कार्य के लिए नोडल एजेंसी बनाते हुए इन्हीं के माध्यम से दूसरे लैंपस और किसानों के बीच धानबीज वितरण की व्यवस्था की गई है। इस मामले में कलिगा पंचायत समिति की सदस्या मंजू डुंगडुंग और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने बताया कि यहां लैंपस के विपरित निजी व्यवसायियों के द्वारा बीज वितरण के कार्यों का निष्पादन हो रहा है। इस व्यवस्था पर आपत्ति दर्ज करते हुए उन्होंने अविलंब किसानों को बीज मुहैया कराने की मांग की है। इस बीच ग्रामीणों ने आज यहां मुखर होकर कागजात के नाम पर अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान नहीं करने और लैंपस व पैक्स में व्याप्त भ्रष्टाचार के जांच की मांग की है।

### कांग्रेसी नेताओं ने किए रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

# अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से लोग नाराज



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** गुमला जिला कांग्रेस महासचिव सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को रेफरल अस्पताल सिसई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज से जानकारी प्राप्त हुआ कि रेफरल अस्पताल में 9 चिकित्सक हैं ,परन्तु वर्तमान में सिर्फ एक चिकित्सा प्रभारी के भरोसे सिसई रेफरल अस्पताल चल रहा है,बाकी चिकित्सक सिसई रेफरल अस्पताल के नाम पर नियुक्त तो हैं ,पर दूसरे जगह अपने निजी काम में लगे हुए हैं। दो डॉक्टर- स्वेता मिंज, व अमित कुमार महतो, ये दोनों पढ़ाई करने के लिए छुट्टी में हैं। तीन डॉक्टर सीमा सांगा, अनिता राज, शोभा प्रवीण, ये तीनों चिकित्सक बिना सूचना के काफी दिनों से गायब हैं। एक डॉक्टर संजय प्रसाद जी पूसों में पदस्थापित हैं। दो आयूष विभाग के डॉक्टर हैं। लेकिन निरीक्षण के दौरान दिन के लगभग बारह बजे आयूष अस्पताल को बंद पाया गया। कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने कहा स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के वजह से, प्रखण्ड क्षेत्र के गरीब ग्रामीणों के लिए एकमात्र स्वास्थ्य सेवा देने वाले सिसई के रेफरल अस्पताल, सिर्फ एक चिकित्सा प्रभारी के भरोसे चल रहा है, जो बहुत ही निंदनीय और दुर्भाग्य की बात है, जनहित पर आधारित इस गंभीर मामला को शीघ्र ही विभागीय मंत्री इरफान अंसारी को लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा। और इसपर कार्रवाई कर सुधार करने का मांग किया जाएगा। इस मौके पर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, जयराम उरांव, बनबिहारी जयसवाल, सफीक अंसारी रबिंद्र उरांव, गंदुर मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची जिला–लातेहार (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम, बिरेन्द्र ठाकुर एवं विश्वनाथ प्रसाद के द्वाराआवेदन पर दर्ज बयान पर आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–116/25 2. आवेदक–मनी देवी , पति–लक्ष्मण उराँव 3. ग्राम–पतरातू (लोधवा टोला) , पोस्ट–टेमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के केहुनी में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–117/25 2. आवेदक–कुलेश्वर भुईयां , पिता–मंगर भुईयां 3. ग्राम–अम्बावाटीकर , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4.लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना के नीचे बड़ा घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–118/25 2. आवेदक–हरेन्द्र राम भुईयां , पिता–दुखन राम 3. ग्राम–सीसी , पोस्ट–डेमू , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहीना कान के नीचे गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–119/25 2. आवेदक–आंटी देवी , पति–जगलू उराँव 3. ग्राम–आरागुण्डी , पोस्ट–टेमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–120/25 2. आवेदक–मुन्नी देवी , पति–रामजन्म उराँव 3. ग्राम–जड़यांग (ठेकही टोला) , पोस्ट–टेमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–121/25 2. आवेदक–मसो0 सीमा देवी (कुंवर) (आश्रित पत्नी), पति–राजकुमार भुईयां(आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–अम्बावाटीकर , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घुटना से उपर लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–122/25 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी , पति–सुकर गंझू 3. ग्राम–जवरा (टोला रूचवा) , पोस्ट–बारीखाप , थाना–बालुमाथ , प्रखण्ड–बालुमाथ 4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–123/25 2. आवेदक–सत्यनारायण शुक्ल , पिता–स्व0 शिवशंकर शुक्ल 3. ग्राम–पाण्डेयपुरा , पोस्ट–पाण्डेयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने सीना में लाल तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–124/25 2. आवेदक–फुलो देवी , पति–रामनाथ गंझू 3. ग्राम–गडगोमा , पोस्ट–गडगोमा , थाना–बारियातु , प्रखण्ड–बालुमाथ 4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के छोटी अंगुली के बगल अंगुली में नाखुन कम है। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–125/25 2. आवेदक–कुन्ती देवी , पति–राजमोहन उरांव 3. ग्राम–पाण्डुका , पोस्ट–टेमकी (लातेहार) , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाहिनी ओर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–126/25 2. आवेदक–प्रमोद चोराट (आश्रित पुत्र) , पिता–बोनीफांस चोराट , माता–स्व0 इलिजाबेथ आईन्द (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–चोरमुंडा, पोस्ट–आराहंस , थाना–महुआडांड , प्रखण्ड–महुआडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–127/25 2. आवेदक–मुस्लिम अंसारी , पिता–मुनसफ अंसारी 3. ग्राम–डुरूआ , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–128/25 2. आवेदक–चन्दा कुमारी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 इन्द्रदेव प्रसाद (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–चटनाही, स्टेशन रोड , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बायें छिद्र के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–129/25 2. आवेदक–जमुनि कुंवर (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 लालु उरांव (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–अम्बाटिकर , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घुटना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–130/25 2. आवेदक–वृजकिशोर प्रसाद , पिता–स्व0 शिवनन्दन प्रसाद 3. ग्राम–पाण्डेयपुरा , पोस्ट–पाण्डेयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में कान के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–131/25 2. आवेदक–रंजीत बराईक , पिता–सीबू बराईक 3. ग्राम–सेम्बरबुढनी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–132/25 2. आवेदक–कमला देवी , पति–राजेश्वर नगेसिया 3. ग्राम–जामडीह , पोस्ट–ओरसा , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–133/25 2. आवेदक–लतरू नगेसिया , पिता–स्व0 सुखू किशान 3. ग्राम–पारही नावा टोली रेगाई , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19 | 1. आवेदन क्र0–134/25 2. आवेदक–राधेश्याम नगेसिया , पिता–स्व0 काया किशान 3. ग्राम–ग्वालखांड , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 20 | 1. आवेदन क्र0–135/25 2. आवेदक–पतरस एक्का , पिता–सोमा एक्का 3. ग्राम–चटकपुर , पोस्ट–चटकपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 21 | 1. आवेदन क्र0–136/25 2. आवेदक–नविन लकड़ा , पिता–अगस्तुस लकड़ा 3. ग्राम–जोरी , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | कंडिका–2(ix) |
| 22 | 1. आवेदन क्र0–137/25 2. आवेदक–अल्बर्ट एक्का , पिता–लुकस एक्का 3. ग्राम–सुगी , पोस्ट–महुवाटांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23 | 1. आवेदन क्र0–138/25 2. आवेदक–बसंती नगेसिया , पति–प्रदीप नगेसिया किशान 3. ग्राम–पारही नावा टोली रेगाई , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0–139/25 2. आवेदक–चिन्तामनी देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 संजय बड़ाईक (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–सेम्बरबुढनी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0–140/25 2. आवेदक–राजमोहन नगेसिया , पिता–कुंवर नगेसिया 3. ग्राम–पारही नावा टोली , पोस्ट–महुवाडांड , थाना–महुवाडांड , प्रखण्ड–महुवाडांड 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ओर कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26 | 1. आवेदन क्र0–416/25 2. आवेदक–सुनैना देवी , पति–बिनोद सिंह 3. ग्राम–नावाटोली, कुंजड़ा पट्टी, पोस्ट–मेदिनीनगर ,थाना–मेदिनीनगर (डाल्टेनगंज) , प्रखण्ड–मेदिनीनगर 4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में लहसन दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0–417/25 2. आवेदक–अशोक कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 चन्द्रशेखर प्रसाद 3. ग्राम–शाहपुर , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4.लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ का कानी अंगुली ठेढा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–418/25 2. आवेदक–गुलाम गौस , पिता–स्व0 मो0 निजमुद्दीन 3. ग्राम– कुण्ड मुहल्ला,पोस्ट–मेदिनीनगर,थाना–डालटनगंज मेदिनीनगर ,प्रखण्ड–मेदिनीनगर 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–419/25 2. आवेदक–अमीना बीबी , पति–अमरूल हसैन 3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–महिला, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–420/25 2. आवेदक–रानो देवी , पति–प्रभु विश्वकर्मा 3. ग्राम–राजहरा , पोस्ट–राजहरा , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर 4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–64/25 2. आवेदक–मो0 सागीर आलम , पिता–जियाउद्दीन अंसारी 3. ग्राम–कुशडंडू , पोस्ट–अधौरा , थाना–नगरउटारी , प्रखण्ड–नगरउटारी 4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के पीपनी पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एंव विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा झामुमो की वर्ष 1995 की बैठक पार्टी में नाम के आधार पर। | |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–141/25 2. आवेदक–प्रहलाद सिंह , पिता–धनवन्त सिंह 3. ग्राम–जेरूआ , पोस्ट–मनिका कोपे , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ साइड में कंधा गला से नीचे मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–142/25 2. आवेदक–मो0 नासिर , पिता–स्व0 अजमुल मियाँ 3. ग्राम–सरायडीह, पोस्ट–सरायडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–55वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–143/25 2. आवेदक–आशा देवी उर्फउषा देवी , पति–सुर्यदेव सिंह 3. ग्राम–मनिका, पोस्ट–मनिका , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका 4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–144/25 2. आवेदक–राजेश्वर पासवान , पिता–स्व0 महावीर पासवान 3. ग्राम–मनिका, पोस्ट–मनिका , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–145/25 2. आवेदक–शंभु मिस्त्री , पिता–स्व0 सुखलाल मिस्त्री 3. ग्राम–कुटमु , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–146/25 2. आवेदक–अब्दुल रसीद , पिता–नवीजान मियां 3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–147/25 2. आवेदक–मोखतार अहमद , पिता–सकुर मियां 3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष,आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ललाट के साइड में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–148/25 2. आवेदक–आफताब आलम , पिता–करीमउद्दीन अंसारी 3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–149/25 2. आवेदक–हनान अंसारी , पिता–मुस्तकीम मियां 3. ग्राम–कलां सरईडीह पोखरी, पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के पास जख्म का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर एवं पुष्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 41 | 1. आवेदन क्र0–150/25 2. आवेदक–कौशल्या देवी , पति–स्व0 दशरथ राम 3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42 | 1. आवेदन क्र0–151/25 2. आवेदक–शांति देवी (आश्रित) , पति–स्व0 डोमन भुइया 3. ग्राम–बरवाडीह पहाडतली , पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43 | 1. आवेदन क्र0–152/25 2. आवेदक–पुष्पा देवी (आश्रित) , पति–स्व0 विजय राम 3. ग्राम–बरवाडीह पहाडतली , पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–महिला, आयु–39 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44 | 1. आवेदन क्र0–153/25 2. आवेदक–विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता , पिता–स्व0 रामलखन साव 3. ग्राम–बालूमाथ , पोस्ट–बालूमाथ , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ 4. लिंग–पुरूष, आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां अंगूठे में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45 | 1. आवेदन क्र0–154/25 2. आवेदक–शंकर राम , पिता–तिलक राम 3. ग्राम–फुलसु , पोस्ट–फुलसु , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ 4. लिंग–पुरूष, आयु– 51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46 | 1. आवेदन क्र0–728/25 2. आवेदक–मनोज कुमार केवट , पिता–फिरोज केवट 3. ग्राम–शिवराजपुर , पोस्ट–टोटारवी , थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में अंगुली पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47 | 1. आवेदन क्र0–421/25 2. आवेदक–अजमेरी बीबी , पति–युनुस अंसारी 3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर 4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 48 | 1. आवेदन क्र0–422/25 2. आवेदक–जैनुल बीबी , पति–मो0 नबीजान अंसारी 3. ग्राम–चियांकी, भीमगाड़ा , पोस्ट–चियांकी , थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज 4. लिंग–महिला, आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49 | 1. आवेदन क्र0–423/25 2. आवेदक–लालदेव उराँव , पिता–टेमन उराँव 3. ग्राम–चियांकी,, पोस्ट–चियांकी , थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–424/25 2. आवेदक–समशा बीबी , पति–मो0 मुस्तफा अंसारी 3. ग्राम–चियांकी, भीमगाड़ा , पोस्ट–चियांकी , थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज 4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–155/25 2. आवेदक–सकीला बीबी , पति–मशरूफ अंसारी 3. ग्राम–तरवाडीह, नावागढ़ , पोस्ट–नावागढ़ , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–नावागढ़, लातेहार 4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–425/25 2. आवेदक–रीता देवी , पति–बिनोद उरांव 3. ग्राम–दरूवा , पोस्ट–सतबरवा , थाना–सतबरवा , प्रखण्ड–सतबरवा 4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे बड़ा तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–156/25 2. आवेदक–लक्ष्मी राम , पिता–स्व0 मंदीस राम 3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट के नीचे लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–426/25 2. आवेदक–अजय कुजूर (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 टिपुलाल उराँव (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–चियांकी(महादेव माढ़ा), पोस्ट–मेदिनीनगर , थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर 4. लिंग–पुरूष, आयु–24 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सूर्यदेव भगत द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–157/25 2. आवेदक–इन्द्रदेव उराँव , पिता–स्व0 धर्मदेव उराँव 3. ग्राम–मंगरा , पोस्ट–मुरूप , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–158/25 2. आवेदक–परमेश्वर प्रसाद , पिता–स्व0 केश्वरी साव 3. ग्राम– मुरूप , पोस्ट– मुरूप , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार 4. लिंग–पुरूष ,आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना आँख के निचे मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–65/25 2. आवेदक–कृष्णा विश्वकर्मा , पिता–स्व0 तपेश्वर विश्वकर्मा 3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–66/25 2. आवेदक–कुमुद वर्मा , पति–स्व0 अजीत वर्मा 3. ग्राम–सहिजना , पोस्ट– गढ़वा , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–महिला ,आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हाथ में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–67/25 2. आवेदक–शिवनारायण मेहता , पिता–राजकुमार मेहता 3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–68/25 2. आवेदक–विन्दु महतो , पिता–स्व0 रामेश्वर महतो 3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने पैर में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–69/25 2. आवेदक–रामदेव पाल , पिता–स्व0 जगुपाल 3. ग्राम–सहिजना , पोस्ट– गढ़वा , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथे के बाया ओर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–70/25 2. आवेदक–राम प्रेम महतो , पिता–स्व0 केशर महतो 3. ग्राम–करमडीह , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट के दाहिने ओर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–427/25 2. आवेदक–जय गणेश पाण्डेय , पिता–स्व0 राजनाथ पाण्डेय 3. ग्राम–बसना , पोस्ट–बसना , थाना–विश्रामपुर , प्रखण्ड–विश्रामपुर 4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.354733 Home(25-26):D

# एयर इंडिया विमान हादसे ने फिर खड़े किए विमान सुरक्षा पर सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने देश में विमान सेवा और सुरक्षा पर एक बार फिर सबका ध्यान केंद्रित कर दिया है। इससे पहले आखिरी बड़ी त्रासदी 2020 में कालीकट में हुई थी, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई थी। 12 नवंबर, 1996 को चरखी दादरी में हुई विमान दुर्घटना, जिसमें 349 लोग मारे गए थे, जो देश की सबसे बड़ी हवाई दुर्घटना थी।**

### अहमदाबाद प्लेन हादसे पर गौतम अदाणी ने जताया दुख, कहा-

## परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन हादसे पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने दुख जताया और कहा कि इस हादसे का शिकार हुए लोगों के परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। अदाणी ने कहा, "हम एयर इंडिया फ्लाइट 171 के हादसे से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अकल्पनीय क्षति सहन की है। हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और ग्राउंड पर मौजूदा परिवारों को पूरा सपोर्ट दे रहे हैं।"इसके अतिरिक्त, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (एसवीपीआईए) या अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अधिकारियों ने कहा कि अगली सूचना तक सभी उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगे। एसवीपीआईए के प्रवक्ता ने कहा, "अगली सूचना तक सभी उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगे। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरपोर्ट पर जाने से पहले नए अपडेट के लिए संबंधित एयरलाइनों से जानकारी लें।" प्रवक्ता ने कहा, "हम आपसे सहयोग और धैर्य रखने का अनुरोध करते हैं। एयरपोर्ट के अधिकारी इस उभरती हुई स्थिति से निपट रहे हैं। आगे की जानकारी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।"दुर्घटना के कारण बचाव दल और आपातकालीन सेवाओं की तेज आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के आसपास की सभी सड़कों को तत्काल बंद कर दिया गया।

अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित एयर इंडिया का यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 10 चालक दल के सदस्यों और तीन छोटे बच्चों सहित 242 लोग सवार थे। एयर इंडिया के बयान में कहा गया, अहमदाबाद से 13:38 बजे रवाना हुई बोइंग 787-8 विमान की इस उड़ान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय नागरिक हैं, 53 ब्रिटिश नागरिक हैं, एक कनाडाई नागरिक है और सात पुर्तगाली नागरिक हैं। एयरलाइन ने कहा, "घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है।

### पिछले दशकों में हुई कुछ प्रमुख नागरिक हवाई दुर्घटनाओं में शामिल हैं

**01. कालीकट (कोझिकोड) हवाई दुर्घटना (7 अगस्त, 2020) :** दुबई से आ रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान 1344 कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। विमान गीले रनवे से फिसल गया और दो हिस्सों में टूट गया।

**02. मैंगलोर हवाई दुर्घटना (22 मई, 2010) :** एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान 812 मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसके परिणामस्वरूप 158 लोगों की मौत हो गई। विमान खाई में गिरने के बाद टूट गया।

**03. पटना हवाई दुर्घटना (17 जुलाई, 2000) :** एलायंस एयर की उड़ान 7412 पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए। पायलट की गलती के कारण विमान ने नियंत्रण खो दिया था, जिसके कारण यह घटना हुई थी।

**04. चरखी दादरी मध्य-हवाई टक्कर (12 नवंबर, 1996) :** सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए। इसका कारण पायलट की गलती और हवाई यातायात नियंत्रण के साथ गलत संचार था।

**05. औरंगाबाद हवाई दुर्घटना (26 अप्रैल, 1993) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491, एक बोइंग 737, औरंगाबाद से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई, एक ट्रक और बिजली के तारों से टकरा गई, जिससे 55 लोग मारे गए।

**06. इंफाल हवाई दुर्घटना (16 अगस्त, 1991) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 257 इंफाल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार सभी 69 लोग मारे गए।

**07. बेंगलुरु हवाई दुर्घटना (14 फरवरी, 1990) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 605, एक एयरबस ए320, बेंगलुरु के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे 92 लोग मारे गए।

**08. अहमदाबाद हवाई दुर्घटना (19 अक्टूबर, 1988) :** इंडियन एयरलाइंस का विमान 113 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 133 लोग मारे गए।

**09. बॉम्बे हवाई दुर्घटना (21 जून, 1982) :** एयर इंडिया का विमान 403 बॉम्बे हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 17 लोग मारे गए।

**10. बॉम्बे एयर क्रैश (1 जनवरी, 1978) :** एयर इंडिया की फ्लाइट 855 (बोइंग 747) विमान मुंबई से उड़ान भरने के बाद अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार सभी 213 लोग मारे गए।

# भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में प्रगति कर रहे हैं : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते 11 सालों में भारत ने डिजिटल दुनिया में क्रांतिकारी सफर तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका श्रेय देश की युवा पीढ़ी को दे रहे हैं। डिजिटल दिशा में 11 साल के कार्यकाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक "एक्स" हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। ये आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "एक्स" पर अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "टेक्नोलॉजी की शक्ति का फायदा उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ मिले हैं। सर्विस डिलीवरी और ट्रांसपेरेंसी को बहुत बढ़ावा मिला है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है।"

इसने न सिर्फ दूरियों को पाटा, बल्कि नए अवसरों के द्वार खोले और शासन को हर नागरिक के लिए आसान और पारदर्शी बनाया। दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट पहुंचाना हो या दुनिया को दिशा देने वाले रीयल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स, ये बदलाव सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है। यह लोगों, प्रगति और संभावनाओं की कहानी है।

### सशक्त भारत की दिशा में एक साइलेंट क्रांति

भारत सरकार के "माईगव इंडिया" सोशल मीडिया अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल की प्रशंसा की गई। "एक्स" पर किए गए पोस्ट में लिखा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत डिजिटल इनोवेशन, तकनीक आधारित शासन और वैश्विक विश्वास का केंद्र बना है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक्नोलॉजी तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है। डिजिटल इंडिया ने कैसे हर नागरिक के लिए शासन को फिर से शुरू किया, इस बारे में भी जानकारी दी गई। "माईगव इंडिया" के अन्य पोस्ट में लिखा है कि 11 साल पहले एक साइलेंट डिजिटल क्रांति शुरू हुई, जिसने भारत के संपर्क, शासन और विकास के तरीके को नया आकार दिया। इस पोस्ट में लिखा गया, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डिजिटल इंडिया पहल ने टेक्नोलॉजी को सशक्तिकरण का एक मजबूत साधन बनाया।



# कैबिनेट ने नए सिरे से जाति सर्वेक्षण कराने का किया फैसला, 90 दिनों में होगा पूरा

**एजेंसी। कर्नाटक**



बेंगलुरु में गुरुवार को हुई विशेष कैबिनेट बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व की इच्छा के अनुसार राज्य भर में एक नया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने और इसे 90 दिनों में पूरा करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कानून के अनुसार इस तरह के सर्वेक्षण के निष्कर्ष केवल 10 साल के लिए वैध हैं।

कर्नाटक का सर्वेक्षण केंद्र की जाति जनगणना से किस तरह अलग होगा, इस सवाल पर सीएम ने कहा कि केंद्र ने यह नहीं कहा है कि वह सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी घोषणापत्र में पार्टी द्वारा किए गए वादे के अनुसार सामाजिक न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पूर्व महाधिवक्ता मधुसूदन नाइक की अध्यक्षता वाले कर्नाटक राज्य स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग से 90 दिनों में सर्वेक्षण रिपोर्ट देने को कहेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना ने यह काम 70 दिनों में पूरा कर लिया। गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जब एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से जातियों की फिर से गणना करने को कहा। यह कर्नाटक के प्रमुख समुदायों की शिकायतों का जवाब था कि सर्वेक्षण के लिए एकत्र किए गए डेटा में जाति की फिर से गणना की गई है। इससे पहले सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना के आंकड़ों को फिर से दर्ज करने का फैसला पार्टी हाईकमान ने लिया है और यह राज्य सरकार का फैसला नहीं है।

# जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार का दावा बिहार में फिर बनेगी नीतीश सरकार

**एजेंसी। पटना**



बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने दावा किया है कि राज्य में नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे और एनडीए की सरकार तय है। नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार 2025 से लेकर 2030 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और उनके नेतृत्व में बिहार तरक्की के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक होनी है। इंडिया ब्लॉक की इस बैठक पर जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि महागठबंधन की बैठक उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन मुझे जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक यह बैठक विधानसभा में विपक्ष के नेता के सरकारी आवास पर हो रही है। बैठक के लिए इससे ज्यादा उपयुक्त जगह तो महुआ बाग है, जिसे भ्रष्टाचार का भव्य किला कहा जाता है। वहां महागठबंधन में शामिल दल प्राकृतिक सुंदरता का भी लुत्फ उठा सकते थे और बिहार के युवाओं को दिखा सकते थे कि कैसे धन संचय किया जाता है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को लेकर नीरज कुमार ने कहा कि उन्होंने तो पहले ही तेजस्वी को नेता मानने की भूमिका से खुद को अलग कर लिया है। उनके पिता राजद के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की अंतिम इच्छा है कि तेजस्वी यादव बिहार के सीएम बनें।

# ईडी ने 2,700 करोड़ की रियल एस्टेट धोखाधड़ी में छापेमारी की

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक रियल एस्टेट स्कीम से जुड़े 2,700 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में लगभग 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, यह जांच "रेड नेक्सा एवरग्रीन" नाम की एक रियल एस्टेट स्कीम से जुड़ी है, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी हुई है। राजस्थान में ईडी की टीमों ने जयपुर, जोधपुर, सीकर और झुंझुनू जैसे शहरों में छापेमारी की। इसके अलावा, अहमदाबाद (गुजरात) और दिल्ली के कुछ इलाकों में भी एक साथ छापे मारे गए। यह पूरी कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।"रेड नेक्सा एवरग्रीन" प्रोजेक्ट ने लोगों को ज्यादा मुनाफे या प्रॉपर्टी देने के वादे करके निवेश के लिए लुभाया था, जैसे फ्लैट, जमीन या एक तय समय के बाद ज्यादा रिटर्न देने की बात कही गई थी। आरोप है कि इस स्कीम के जरिए बड़ी संख्या में निवेशकों से ठगी की गई।

# आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगा। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।


## कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा

E-mail:-dfo-lohardagga@gov.inPh. & Fax - 06526 – 224285/359028

### ''निलामी सूचना''

सर्व साधारण/निबंधित आरा मिल मालिकों एवं निबंधित प्रकाष्ठ डीपू मालिको को सूचित किया जाता है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन प्रमण्डल के अन्तर्गत वन क्षेत्र कार्यालय वन क्षेत्र कार्यालय लोहरदगा में विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ/जलावन आदि भंडारित है। इस भंडार की, जहाँ है, जिस स्थिति में है, के आधार पर बिक्री हेतु आम नीलामी के लिए तिथि 25 जून 2025 को निर्धारित की गयीहै, जो निम्नवत है :–

| क्र० | स्थल का नाम | प्रचय सं० | प्रजाति | पीस सं० | आयतन (घन मी०) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा वन प्रक्षेत्र एवं बक्शीडीपा कैम्पस | L1/24 | शीशमबोटा | 14 | 0.521 |
| 2 | | L2/24 | चकौण्डीबोटा | 18 | 1.175 |
| 3 | | L3/24 | शीशमबोटा | 16 | 1.355 |
| 4 | | L4/24 | शीशमबोटा | 23 | 0.941 |
| 5 | | L5/24 | चकौण्डीबोटा | 14 | 0.964 |
| 6 | | L6/24 | लिप्टसबोटा | 10 | 0.391 |
| 7 | | L7/24 | शीशमबोटा | 18 | 0.614 |
| 8 | | L8/24 | शीशमबोटा | 19 | 0.437 |
| 9 | | L9/24 | शीशमबोटा | 21 | 0.630 |
| 10 | | L10/24 | शीशमबोटा | 49 | 1.286 |
| 11 | | L11/24 | शीशमबोटा | 18 | 0.513 |
| 12 | | L12/24 | विविधबोटा | 17 | 1.048 |
| 13 | | L13/24 | डुमरबोटा | 4 | 0.424 |
| 14 | | L14/24 | अकाशीबोटा | 53 | 1.347 |
| 15 | | L15/24 | अकाशीबोटा | 29 | 1.444 |
| 16 | | L16/24 | लिप्टसबोटा | 7 | 1.664 |
| 17 | | L17/24 | विविधबोटा | 42 | 2.040 |
| 18 | | L18/24 | लिप्टसबोटा | 101 | 0.784 |
| 19 | | L19/24 | सालबोटा | 73 | 5.345 |
| 20 | | L20/24 | जामुनबोटा | 13 | 0.912 |
| 21 | | L21/24 | सालजलावन | 46 | 1.536 |
| 22 | | L22/24 | चकौण्डीबोटा | 31 | 0.854 |
| 23 | | L23/24 | सालबोटा | 33 | 1.644 |
| 24 | | L24/24 | सालबोटा | 19 | 1.349 |
| 25 | | L25/24 | अकाशीबोटा | 13 | 1.141 |
| 26 | | L26/24 | अकाशीबोटा | 20 | 0.510 |
| 27 | | L27/24 | विविधबोटा | 20 | 0.626 |
| 28 | | L28/24 | शीशमबोटा | 52 | 1.453 |
| 29 | | L29/24 | शीशमबोटा | 23 | 1.131 |
| 30 | | L30/24 | अकाशीबोटा | 10 | 0.379 |
| 31 | | L31/24 | सालबोटा | 16 | 0.729 |
| 32 | | L32/24 | सेमलबोटा | 6 | 0.479 |
| 33 | | L33/24 | आमबोटा | 11 | 0.234 |
| 34 | | L34/24 | शीशमबोटा | 13 | 0.694 |
| 35 | | L35/24 | विविध पटरा | 33 | 0.186 |
| 36 | | L36/24 | सालचौखट | 17 | 0.224 |
| 37 | | L37/24 | चकौण्डीबोटा | 25 | 1.419 |
| 38 | | L38/24 | अकाशीबोटा | 23 | 0.698 |
| 39 | | L39/24 | शीशमबोटा | 15 | 0.522 |
| 40 | लोहरदगा वन प्रक्षेत्र एवं बक्शीडीपा कैम्पस | L40/24 | सालचौखट | 54 | 0.601 |
| 41 | | L41/24 | विविध पटरा | 22 | 0.156 |
| 42 | | L42/24 | सालचौपहल | 13 | 2.134 |

निलामी में सम्मलित होने के लिए रू0 5000.00 का गेटमनी नगद अथवा किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा के पद नाम से भुगतेय हो जमा करना होगा। किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय एवं संबंधित प्रक्षेत्र या विभागीय कॉलोनी में भण्डारित प्रकाष्ठ का निरीक्षण किया जा सकता है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय अथवा मोबाईल नं0– 9942691447 पर संपर्क किया जा सकता है। कतिपय कारणवश निलामी की तिथि में परिवर्त्तन की जा सकती है। निलामी के सम्मलित होने के लिए आधार कार्ड या पेन कार्ड लाना आवश्यक होगा। क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (Tax) जो झारखण्ड सरकार के नियमानुकूल होगा क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 354818 Lohardaga (25-26)_D



## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची

कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज

E-Mail ID:- dscopalamu2019@gmail.com

### आम सूचना

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या –08, दिनांक 22.05.2025 द्वारा पलामू जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य | | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| | | ओ0एस0पी0 | एस0सी0एस0पी0 | |
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | .9 | 6 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये |
| 2 | Tractor 4WD (Up to 20 PTO HP) | 6 | 4 | रू0 2.45 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP & Up to 40 PTO HP) | 20 | 12 | रू0 3.00 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Power Tiller (8 BHP & Up to 11 BHP) | 3 | 2 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 3 | 2 | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Weeder (Below 2BHP) | 4 | 2 | रू0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Weeder (2 BHP & Below 5 BHP) | 4 | 2 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 8 | Self Propelled Weeder (5 BHP & Below 75 BHP & Above) | 4 | 2 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 3 | 2 | रू0 1.70 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 7 | 4 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| **Tractor/Power Tiller ( Below 20 BHP) driven equipment** | | | | |
| 11 | MB Plough (Single Bottom) | 3 | 2 | रू0 0.22 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Cage Wheel | 7 | 4 | रू0 0.15 लाख प्रति इकाई |
| 13 | Cultivator | 7 | 4 | रू0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Multi Crop Threshers | 3 | 2 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Paddy Thresher | 3 | 2 | रू0 0.38 लाख प्रति इकाई |
| **Tractor ( Above 20-35 BHP) driven equipment** | | | | |
| 16 | MB Plough (Single Bottom) | 3 | 2 | रू0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Cage Wheel | 20 | 12 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Cultivator | 23 | 13 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Multi Crop Threshers | 3 | 2 | रू0 1.25 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Paddy Thresher | 3 | 2 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotavator (up to 5 feet) | 7 | 2 | रू0 0.46 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Zero-till Seed Drill multi crop (7 Tines) | 7 | 2 | रू0 0.23 लाख प्रति इकाई |
| 23 | **Tractor (above 35 BHP) driven equipments** | | | |
| 24 | Rotavator (6 feet) | 3 | 2 | रू0 0.60 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Rotavator (7 feet) | 12 | 7 | रू0 0.70 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Mini Rice Mill (Up to 0.5 TPH) | 1 | - | रू0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 27 | Mini Rice Mill (More than 0.5 TPH & Up to 1.0 TPH) | 1 | - | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 28 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour) | 1 | - | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 29 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour & Below 100 Kg per Hour) | 1 | - | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 30 | Manual Sprayer Knapsack/foot/Battery Operated sprayer | 12 | 7 | रू0 0.01 लाख प्रति इकाई |
| 31 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 11 | 6 | रू0 0.02 लाख प्रति इकाई |
| 32 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 ltr) (≤ 75 hp engine) | 12 | 7 | रू0 0.03 लाख प्रति इकाई |

लाभुक का चयनः–

2. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
4. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्ष में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृषि यंत्र ले सकेंगे।
5. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जाँचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रक्रिया की जायेगी।
6. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय डालटनगंज से प्राप्त कर जिला प्रोग्राम प्रबंधक, श्रेस्ैए पलामू एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलामू तथा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिसकी अन्तिम तिथि 05.07.2025 तक निर्धारित की जाती है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता :–** कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज ।
पलामू समाहरणालय, BLOCK - C के उपरी तल्ला
फोन नं0– 06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज

PR 354802 District (25-26)_D

## इजरायल कहीं हमला न कर दे अलर्ट मोड पर आया अमेरिका?



**नई दिल्ली ।** ईरान पर संभावित इजरायली हमले की बढ़ती आशंकाओं के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका कथित तौर पर हाई अलर्ट पर है। वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन को डर है कि अगर वाशिंगटन और तेहरान के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत विफल हो जाती है, तो यहूदी राज्य संयुक्त राज्य अमेरिका की सहमति के बिना ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने का विकल्प चुन सकता है। इन चिंताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह मध्य पूर्व, खासकर ईरान से अमेरिकी कर्मियों को बाहर निकालेंगे, क्योंकि यह एक खतरनाक जगह हो सकती है। " पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने भी कुछ कर्मचारियों को इराक छोड़ने की अनुमति दी है, जबकि पेंटागन सैन्य परिवारों को स्वेच्छा से पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को छोड़ने के लिए अधिकृत कर रहा है। ताजा डेवलपमेंट ऐसे समय में की गई है।

## कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी, भारतीय मूल के 7 लोग गिरफ्तार

**ओटावा ।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था। 6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसॉगा के हाओ टॉमी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35 आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा, "गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है।

## दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम के पास पटरी से उतरी ट्रेन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम के पास पटरी से ट्रेन उतर गई। ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतरी है। यह ट्रेन निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही थी। किसी तरह से बड़ा हादसा टल गया। शिवाजी ब्रिज के पास ईएमयू ट्रेन के एक कोच पटरी से उतर गए। जिसके बाद रेलवे कर्मी उसे वापस पटरी पर चढ़ने की कोशिश करते दिखे।

### अचानक पाकिस्तान का सगा क्यों हो गया अमेरिका?

# असीम मुनीर को अमेरिका ने आर्मी परेड डे पर बुलाया

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर कथित तौर पर इस सप्ताह अमेरिका का दौरा करने वाले हैं। वह शनिवार (14 जून) को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 79वें जन्मदिन के अवसर पर अमेरिकी राजधानी की सड़कों पर परेड का आयोजन करेगी। समारोह में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) मुनीर की मौजूदगी भारत और पाकिस्तान के बीच हमलों और जवाबी हमलों के एक महीने से अधिक समय बाद होगी।



**असीम मुनीर को अमेरिका ने आर्मी परेड डे पर बुलाया :** वाशिंगटन से मिले निमंत्रण के बाद, सूत्रों ने बताया कि मुनीर ने शनिवार को अमेरिकी राजधानी में सैन्य परेड में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 79वां जन्मदिन भी है। उनका दौरा भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुनीर अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग और पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। न तो पाकिस्तान और न ही अमेरिका ने उच्च स्तरीय सैन्य भागीदारी की पुष्टि की है। यह यात्रा अमेरिका के एक शीर्ष जनरल द्वारा मुनीर की प्रशंसा किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। इस सप्ताह कांग्रेस की सुनवाई में, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को "आतंकवाद विरोधी दुनिया में एक अभूतपूर्व भागीदार" कहा और ISIS-खोरासन के खिलाफ ऑपरेशन में इस्लामाबाद के योगदान को रेखांकित किया।

मुनीर की कथित यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, दक्षिण एशिया के जाने-माने विश्लेषक माइकल कुगेलमैन ने टिप्पणी की कि सेंटकॉम में एक स्टॉपओवर कार्ड पर हो सकता है। "वह [मुनीर] और जनरल कुरिल्ला 2 साल से भी कम समय में 3 बार मिल चुके हैं। कुरिल्ला ने कल हिल गवाही में उनकी प्रशंसा की। अमेरिका-पाक अधिकारी-से-अधिकारी संबंध आम तौर पर मजबूत होते हैं," कुगेलमैन ने ट्वीट किया। इस बीच, मुनीर को अमेरिका के निमंत्रण ने भारत में तीखी प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं।

## अमेरिका में मुनीर का हुआ तीखा विरोध प्रवासियों ने दिखाए पोस्टर और किए नारेबाजी

### किस नुकसान की सजा नए नवेले फील्ड मार्शल को मिलेगी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

दुनियाभर के विवाद सुलझाने में लगे अमेरिकी नेताओं को अपने देश में बढ़ रहे अवैध प्रवासी एक समस्या के तौर पर नहीं दिखाई दिए और आज ये इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि अमेरिका में इनसे निपटने के लिए कर्फ्यू लगाना पड़ा रहा है। सेना उतारनी पड़ रही है। हिंसा से जूझ रहे लांस एजिल्स में लड़ाकू हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। दंगाईयों को फाइटर प्लेन दिखाकर डराना पड़ रहा है। लेकिन इन सब के बीच एक बड़ा डेवलपमेंट देखने को मिला है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फेल्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका जा रहे हैं। अमेरिका ने आनन फानन में आसिम मुनीर को बुलाया है। लेकिन आसिम मुनीर की अमेरिका यात्रा बहुत दर्दनाक होने वाली है। आसिम मुनीर की वजह से अमेरिका को जो नुकसान हुआ है, उसकी सजा नए नवेले फील्ड मार्शल को मिलेगी।

**ट्रंप ने मुनीर को अमेरिका बुलाया :** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर न्योता भेजा है। पाकिस्तानी दूतावास सूत्रों के अनुसार, आर्मी चीफ मुनीर गुरुवार को अमेरिका पहुंच जाएंगे। यह आमंत्रण भारत के प्रति किसी विशेष रुख के बजाय, अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता और पाकिस्तान की रणनीतिक अहमियत से अधिक जुड़ा हुआ माना जा रहा है। बता दें कि शनिवार को आर्मी के साथ-साथ राष्ट्रपति ट्रंप का डोनाल्ड ट्रंप का जन्मदिन भी है। राष्ट्रपति ट्रंप 14 जून को 79 वर्ष के हो जाएंगे।

## वाशिंगटन पहुंचते ही मुनीर को पाकिस्तानी प्रवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा

मुनीर के वाशिंगटन पहुंचने पर पाकिस्तानी प्रवासियों ने भी विरोध जताया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने सेना प्रमुख की यात्रा के दौरान अमेरिकी राजधानी में प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पीटीआई के विदेश मामलों के सचिव सज्जाद बुर्की ने ट्वीट किया, "व्हाइट हाउस को बता दें कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान के लोगों को स्वीकार्य नहीं है।" बर्की ने पाकिस्तानी-अमेरिकियों से 14 जून को वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि शहर भर में पाकिस्तानी-अमेरिकी इलाकों में बड़े पैमाने पर लामबंदी का आह्वान करने वाले पर्चे बांटे गए हैं।

### पाकिस्तान के सेना प्रमुख अमेरिका क्यों जा रहे हैं?

भारत के साथ पाकिस्तान के तनाव के बीच असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा ने ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि, उनकी यात्रा का भारत से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि इस्लामाबाद के सदाबहार मित्र चीन से संबंध है। सीएनएन-न्यूज18 की रिपोर्ट के अनुसार, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) जैसी योजनाओं के माध्यम से चीन के साथ पाकिस्तान की निकटता के कारण वाशिंगटन को पाकिस्तान की तटस्थता पर संदेह है।

# रेस्तरां व होटल सेवा शुल्क वसूलने से बाज नहीं आ रहे

### किसी भी रूप में ग्राहकों से नहीं वसूल सकते सेवा शुल्क

**ब्यूरो**



